SEVA TRUST UK

SERVING TOGETHER FOR
A BETTER FUTURE

# Annual Activity Report

2025-26

**SOCIAL EDUCATION VOLUNTARY ASSOCIATION (SEVA)**
**TRUST UK**

**SEVA TRUST UK (INDIA)**

**Regd. Office: V&PO Kesri, Distt. Ambala (Haryana) 133102**
**HQ: V&PO Saha, Distt.Ambala (Haryana)133104**
**Email: infoindia@sevatrustuk.org website: www.sevatrustuk.org**
**FB/Instagram/Twitter/LinkedIn/YouTube@SEVATrustIndia**

## OUR MISSION AND VISION

**SEVA Trust UK** , also known as Social Education Voluntary Association (SEVA) Trust UK, is a charitable organization committed to promoting equal access to education, fostering healthy living, providing welfare support, and promoting a sustainable environment for all individuals, regardless of their background. Our primary objective is to empower and uplift underprivileged and disadvantaged students, communities, women (especially rural girls), individuals with disabilities, vulnerable individuals, and rural communities. At the heart of our work lies the principle of Seva (selfless service), driving all our endeavours with the dedication of unpaid volunteers.

The initiative for this movement of social change and support was initiated and led by Mr. Charan Sekhon MBE, a UK-based Non-Resident Indian (NRI), who established the 'Social Education Voluntary Association (SEVA) Trust UK' in 2016. We operate as SEVA Trust UK in England (Registered Charity No. 1172654) and SEVA Trust UK (India) in India.

## REGULATORY DETAILS

- SEVA Trust UK (India) is registered on 3rd March 2017 under Indian Charitable Act 1882.
- Registered under sub-section (1) of 12A of Income Tax Act, 1961
- Registered under sub-section (5) of 80G of Income Tax Act, 1961
- Registered under CSR activities under Ministry of Corporate Affairs, Govt. of India
- Registered with Udyam under Ministry of MSME, Govt. of India.
- Registered under the Foreign Contribution (Regulation) Act 2010, which allows us to accept foreign donations

## GEOGRAPHICAL SPREAD

### Punjab :

- District Ludhiana : 2 Blocks :30 Villages
- District Patiala : 1 Block :05 Village
- District SBS Nagar : 1 Block :20 Villages
- District Malerkotla : 2 Block :30 Villages

- District Sangrur : 1 Block :08 Village
- District Mansa : 1 Block :05 Village
- District Barnala : 1 Block :07 Village

**Haryana :**

- District Ambala : 06 Blocks: 120 Villages
- District Kurukshetra : 06 Blocks: 140 Villages
- District Kaithal : 03 Blocks: 50 Villages
- District Jhajjar : 03 Blocks: 60 Villages
- District Panipat : 01 Blocks: 10 Villages
- District Sonipat : 01 Blocks: 12 Villages
- District Gurugram : 01 Blocks: 02 Villages
- District Rohtak : 01 Blocks: 02 Villages
- District Mahendergarh: 01 Blocks : 06 Villages
- District Yamuna Nagar: 02 Blocks: 05 Villages

## SUPPORTING PARTNERS

- SEVA Trust UK (United Kingdom)
- Enlight Life of Kids in Need (Canada)
- IRARA (Belgium & UK)
- Dabur India Ltd.
- SIDBI
- USHA International Ltd.
- Allround (India) Vegetable Processing Machines Pvt. Ltd.
- Altruist Technologies Pvt. Ltd.
- Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited (DFCCIL)
- Metro Motors

## DETAILS OF EVENTS 2025-26

| State | District | Total Program | Total Beneficiary |
|---|---|---|---|
| Haryana | Ambala | 42 | 5242 |
| Haryana | Kurukshetra | 89 | 16022 |
| Haryana | Kaithal | 02 | 172 |
| Haryana | Jhajjar | 58 | 20086 |
| Haryana | Yamuna Nagar | 01 | 01 |
| Haryana | Sonipat | 25 | 3812 |
| Punjab | Ferozepur | 01 | 5000 |
| Punjab | Ludhiana | 28 | 3191 |
| Punjab | SBS Nagar | 01 | 80 |
| Punjab | Malerkotla | 29 | 25727 |
| Punjab | Sangrur | 6 | 2145 |
| Punjab | Barnala | 4 | 305 |
| **02 States** | **12 Districts** | **286 Programmes** | **81783 Beneficiaries** |

## BLOOD DONATION CAMPS 2025-26

| S. No | Date of Event | Venue | Distt. | State | No.of Blood Units |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4-Apr-2025 | Baba Haridass Mandir | Jhajjar | Haryana | 36 |
| 2 | 9-Apr-2025 | D Majra | Jhajjar | Haryana | 36 |
| 3 | 21-Apr-2025 | JITM, Kablana College | Jhajjar | Haryana | 95 |
| 4 | 5-May-2025 | Carrier Computer Academy | Jhajjar | Haryana | 60 |
| 5 | 11-May-2025 | V.V. Library Jhajjar | Jhajjar | Haryana | 47 |
| 6 | 12-May-2025 | Bust Stand, Jhajjar | Jhajjar | Haryana | 100 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 7-Jun-2025 | Village Chhappar | Jhajjar | Haryana | 35 |
| 8 | 14-Jun-2025 | Ashoka Coaching Centre | Jhajjar | Haryana | 47 |
| 9 | 26-Jun-2025 | Jeet Hospital | Jhajjar | Haryana | 53 |
| 10 | 3-Aug-2025 | Village Maliyawas | Jhajjar | Haryana | 36 |
| 11 | 10-Aug-2025 | Village Dubaldhan | Jhajjar | Haryana | 111 |
| 12 | 19-Aug-2025 | Village Machhrauli | Jhajjar | Haryana | 80 |
| 13 | 25-Aug-2025 | Bahadurgarh | Jhajjar | Haryana | 239 |
| 14 | 31-Aug-2025 | Village Majara (D) | Jhajjar | Haryana | 81 |
| 15 | 6-Sep-2025 | GGS Group of College Barnala | Barnala | Punjab | 70 |
| 16 | 7-Sep-2025 | Shanti Hall Rambag, Barnala | Barnala | Punjab | 70 |
| 17 | 7-Sep-2025 | Shri Shakti Durga Mandir, Cheema Mandi | Sangrur | Punjab | 85 |
| 18 | 7-Sep-2025 | GPF Complex, Lehragaga, Sangrur | Sangrur | Punjab | 75 |
| 19 | 7-Sep-2025 | Kali Mata Mandir Malerkotla | Malerkotla | Punjab | 60 |
| 20 | 7-Sep-2025 | VPO Bhaproda | Jhajjar | Haryana | 70 |
| 21 | 8-Sep-2025 | Nabha Road, Amargarh | Malerkotla | Punjab | 90 |
| 22 | 8-Sep-2025 | Aryabhatta group of Institutes, Cheema | Barnala | Punjab | 80 |
| 23 | 9-Sep-2025 | SSD College Barnala | Barnala | Punjab | 85 |
| 24 | 9-Sep-2025 | Navi Anaj Mandi, Sangrur | Sangrur | Punjab | 75 |
| 25 | 9-Sep-2025 | VPO Chhara | Jhajjar | Haryana | 100 |
| 26 | 16-Sep-2025 | VPO Badli | Jhajjar | Haryana | 25 |
| 27 | 18-Sep-2025 | Near Bus Stand Jhajjar | Jhajjar | Haryana | 95 |
| 28 | 25-Sep-2025 | VPO Chhuchhakwas | Jhajjar | Haryana | 56 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | 25-Sep-2025 | Village Patak Majra | Kurukshetra | Haryana | 110 |
| 30 | 28-Sep-2025 | VPO Goria | Jhajjar | Haryana | 36 |
| 31 | 10-Oct-2025 | Alpha Fitness Center | Jhajjar | Haryana | 42 |
| 32 | 14-Oct-2025 | Arun X-Ray Lab | Jhajjar | Haryana | 38 |
| 33 | 28-Oct-2025 | GITI Bhaproda | Jhajjar | Haryana | 62 |
| 34 | 8-Nov-2025 | VPO Kesri | Ambala | Haryana | 36 |
| 35 | 9-Nov-2025 | VPO Dharana | Jhajjar | Haryana | 25 |
| 36 | 13-Nov-2025 | Village Banra | Malerkotla | Punjab | 50 |
| 37 | 15-Nov-2025 | ADS Spirits Pvt Ltd, Beri | Jhajjar | Haryana | 64 |
| 38 | 16-Nov-2025 | VPO Dadri Toye | Jhajjar | Haryana | 45 |
| 39 | 16-Nov-2025 | VPO Siwana | Jhajjar | Haryana | 52 |
| 40 | 21-Nov-2025 | VPO Kheri Khummar | Jhajjar | Haryana | 33 |
| 41 | 23-Nov-2025 | Village Palra | Jhajjar | Haryana | 120 |
| 42 | 29-Nov-2025 | Govt. Polytechnic, Ambala City | Ambala | Haryana | 100 |
| 43 | 2-Dec-2025 | Sunaro Wali Dharmshala, Jhajjar | Jhajjar | Haryana | 22 |
| 44 | 5-Dec-2025 | Barara | Ambala | Haryana | 35 |
| 45 | 25-Jan-2026 | Aashirwad Gardan, Jhajjar | Jhajjar | Haryana | 87 |
| 46 | 14-Feb-2026 | Village Chhara | Jhajjar | Haryana | 103 |
| 47 | 18-Mar-2026 | ITI,Sonipat | Sonipat | Haryana | 112 |
| 48 | 23-Mar-2026 | Village Goria | Jhajjar | Haryana | 88 |
| 49 | 30-Mar-2026 | Shree Shayam OPD Jhajjar | Jhajjar | Haryana | 60 |
| | **Total** | **Blood Units** | | | **3412** |

# MILESTONES ACHIEVED AS ON 31.03.2026

## HEALTH

**79-** Health Check-up Camps

**14231**- Beneficiaries

**1824**- Nutrition support Camps

**7.83** lakhs- Beneficiaries

## BLOOD CAMPS

**195** Blood Donation Camps

**18567**- Blood Units

## WOMEN EMPOWERMENT

**50 –** USHA SIDBI Swavlamban Silai schools

**90 -** USHA Silai schools running in Haryana & Punjab

**1600-** Girls getting trained in Sewing & Stitching

**1872-** Asha Worker Felicitated in 46 Programs

## EDUCATION

**145250-** Children Benefited – **615** Programs

**250-** Students honoured with Award of Excellence

**12000-** Children with BYJU'S Education for all

**1-** Free Computer Learning Centre

**1**- Solar Power Generation System Donated in Govt. School

## ENVIRONMENT

**10256** Tree planted

# DMD PATIENT MEDICINE DISTRIBUTION

Sangrur Kesari

Apr 30, 2025

पंजाब केसरी

## ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी पीड़ित बच्चे को आयुर्वैदिक दवाइयां-इम्युनिटी बूस्टर किट नि:शुल्क प्रदान की

मालेरकोटला, 29 अप्रैल (वरिन्द्र): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने दुर्लभ आनुवंशिक रोग ड्यूचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी पीड़ित बच्चों की सहायता हेतु पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में नि:शुल्क आयुर्वैदिक दवाई वितरण प्रकल्प चलाया है।

जिसमें पंजाब केसरी समूह के प्रमुख संपादक श्री विजय चोपड़ा जी और सह-संपादक श्री अविनाश चोपड़ा जी के आशीर्वाद तथा डॉ. अश्विनी राणा के मार्गदर्शन में यमुनानगर निवासी 12 वर्षीय निशांत शर्मा (पुत्र सोनू शर्मा) को डाबर इंडिया लिमिटड के सहयोग से 40 हजार मूल्य की 3 माह की आयुर्वैदिक दवाइयां-इम्युनिटी बूस्टर किट नि:शुल्क प्रदान की है।

इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी बाबा जसदीप सिंह जी जगाधरी ने कार्य को मानवता की सच्ची सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया जिससे बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव होगा तथा समाज में परोपकार की भावना सशक्त होगी।

इस मौके पर सेवा ट्रस्ट यूके के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. वरिंद्र जैन, ट्रस्टी विवेक शर्मा ने बताया कि बच्चों को पी.जी.आई. चंडीगढ़ में पंजीकरण, पटियाला के सरकारी आयुर्वैदिक अस्पताल में उपचार हेतु प्रेरित करते है क्योंकि आयुर्वैद से रोगों को नियंत्रित करने के लिए इम्युनिटी को शरीर की आधारशिला मानते है जो जीवन में नई ऊर्जा-आशा का संचार करेगी।



बच्चे को इम्युनिटी बूस्टर किट प्रदान करते मैंबर। (वरिन्द्र)

इस मौके पर नरेश मित्तल ने बताया कि दुर्लभ बीमारियों से पीड़ितों हेतु नि:शुल्क फिजियोथैरेपी, कटु-थैरेपी, योग, मैडीटेशन, हाइड्रोथैरेपी, इमोशनल सपोर्ट, काऊंसलिंग थैरेपी प्रदान करने हेतु अंबाला के साहा गांव में सेवा धाम आश्रम का निर्माण हो रहा है। इसलिए सरकारें भी दुर्लभ बीमारियों हेतु नि:शुल्क टीके- उपचार के विकास हेतु शीघ्र कदम उठाए।

इस मौके पर निशांत की माता सीमा शर्मा ने कहा कि पिछले 12 वर्ष से बेटे को दर्द-तकलीफ में देखना असहनीय है पर ट्रस्ट द्वारा प्रदान आयुर्वैदिक दवाइयों ने नई रोशनी जगाई तथा निशांत की सेहत में काफी सुधार हुआ है। अब उसके हाथ धीरे-धीरे काम करने लगे हैं और आत्मविश्वास बढ़ रहा है। इस मौके पर आश्रम ट्रस्टी रिम्पल चौहान, सदस्य बलजिंद्र कुमार, समाजसेवी हरजिंद्र सिंह, अंकित कुमार उपस्थित थे।

Main Ludhiana

Nov 20, 2025

पंजाब केसरी

## दुर्लभ आनुवंशिक बीमारियों से पीड़ित 5 बच्चों को दीं 1.5 लाख रुपए की इम्युनिटी बूस्टर किट



दो राज्य के बच्चों को इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट करते गण्यमान्य लोग। (वीरेंद्र)

मालेरकोटला, 19 नवम्बर (वरिंदर): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डी.एम.डी.) से पीड़ित बच्चों की मदद के लिए पंजाब-हरियाणा-हिमाचल में एक मुफ्त आयुर्वैदिक दवा वितरण परियोजना शुरू की है।

इसके तहत पंजाब केसरी के प्रधान सम्पादक विजय चोपड़ा, ज्वॉइंट मैनेजिंग डायरैक्टर अविनाश चोपड़ा के नेतृत्व में और डॉ. अश्विनी राणा की सलाह से 2 राज्यों के 5 बच्चों को 1.5 लाख रुपए की आयुर्वैदिक दवाइयां इम्युनिटी बूस्टर किट मुफ्त प्रदान की गईं।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश मित्तल ने बताया कि 281वें जिला प्रोजैक्ट के अंतर्गत सह प्रायोजक डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से जिला टीम बलजिंदर कुमार, मदन धीमान, अंकित कुमार, अनिल गुप्ता, संजीव सिंगला, सौरभ शर्मा ने यमुनानगर हरियाणा के निशांत शर्मा (13), 5वें चरण में मालेरकोटला के मोहम्मद कैफ (7), मोहम्मद जैद (4), भाविया गोयल (10) तथा तीसरे चरण में लुधियाना के शिवास ग्रोवर (9) को 2 महीने की आयुर्वैदिक दवाइयां भेंट की।

Bathinda Main

Nov 20, 2025

ਅਜ ਬਾਣੀ

## ਦੁਰਲੱਭ ਜੈਨੇਟਿਕ ਬੀਮਾਰੀ ਤੋਂ ਪੀੜਤ 5 ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ 1.5 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀਆਂ ਆਯੁਰਵੈਦਿਕ ਦਵਾਈਆਂ ਦੇਂਡੀਆਂ

ਮਾਲੇਰਕੋਟਲਾ, 19 ਨਵੰਬਰ (ਵਰਿੰਦਰ)- ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ. ਕੇ. (ਭਾਰਤ) ਨੇ ਦੁਰਲੱਭ ਜੈਨੇਟਿਕ ਬੀਮਾਰੀ ਡੁਚੇਨ ਮਸਕੂਲਰ ਡਿਸਟ੍ਰੋਫੀ (ਡੀ. ਐੱਮ. ਡੀ.) ਤੋਂ ਪੀੜਤ ਬੱਚਿਆਂ ਦੀ ਮਦਦ ਲਈ ਪੰਜਾਬ-ਹਰਿਆਣਾ-ਹਿਮਾਚਲ 'ਚ ਮੁਫਤ ਆਯੁਰਵੈਦਿਕ ਦਵਾਈ ਵੰਡ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ ਸ਼ੁਰੂ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਜਿਸ 'ਚ ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਗਰੁੱਪ ਦੇ ਮੁੱਖ ਸੰਪਾਦਕ ਵਿਜੇ ਚੋਪੜਾ, ਸਹਿ-ਸੰਪਾਦਕ ਅਵਿਨਾਸ਼ ਚੋਪੜਾ ਦੀ ਅਗਵਾਈ, ਡਾ. ਅਸ਼ਵਨੀ ਰਾਣਾ ਦੀ ਰਾਏ ਹੇਠ 2 ਸੂਬਿਆਂ ਦੇ 5 ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ 1.5 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀਆਂ ਆਯੁਰਵੈਦਿਕ ਦਵਾਈਆਂ- ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਕਿੱਟਾਂ ਮੁਫਤ ਪ੍ਰਦਾਨ ਕੀਤੀਆਂ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਮੁੱਖ ਮਹਿਮਾਨ ਰਾਜਨ ਸਿੰਗਲਾ (ਡਿਪਟੀ ਮੁੱਖ ਕਾਰਜਕਾਰੀ ਅਧਿਕਾਰੀ ਜ਼ਿਲਾ ਪ੍ਰੀਸ਼ਦ ਅੰਬਾਲਾ), ਸੁਮੰਤ ਤਲਵਾਨੀ (ਸੰਪਾਦਕ, ਸੁਨਹਿਰੀ ਅਖਰ) ਨੇ ਮਨੁੱਖਤਾ ਦੀ ਸੱਚੀ ਸੇਵਾ ਦੀ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਉਦਾਹਰਣ ਦੱਸਦਿਆਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਇਸ ਨਾਲ ਪੀੜਤ ਬੱਚਿਆਂ ਦੇ ਜੀਵਨ 'ਚ ਸਾਕਾਰਾਤਮਕ ਬਦਲਾਅ ਆਵੇਗਾ ਅਤੇ ਸਮਾਜ 'ਚ ਪਰਉਪਕਾਰ-ਸੇਵਾ ਦੀ ਭਾਵਨਾ ਮਜ਼ਬੂਤ ਸ਼ਕਤੀ ਨਾਲ ਵਾਂਝੇ ਵਰਗ ਨੂੰ ਜਿਊਣ ਦੀ ਨਵੀਂ ਉਮੀਦ ਦੇਵੇਗੀ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ 281ਵੇਂ ਜ਼ਿਲਾ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ ਤਹਿਤ ਸਹਿ-ਪ੍ਰਾਯੋਜਕ ਡਾਬਰ ਇੰਡੀਆ ਲਿਮਟਿਡ ਦੇ ਸ਼ਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਨਾਲ ਜ਼ਿਲਾ ਟੀਮ



ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਦਵਾਈਆਂ ਦਿੰਦੇ ਟਰੱਸਟ ਦੇ ਮੈਂਬਰ। (ਵਰਿੰਦਰ)

ਦੇ ਬਲਜਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ, ਮਦਨ ਧੀਮਾਨ, ਅੰਕਿਤ ਕੁਮਾਰ, ਅਨਿਲ ਗੁਪਤਾ, ਸੰਜੀਵ ਸਿੰਗਲਾ, ਸੌਰਭ ਸ਼ਰਮਾ, ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ, ਸਾਹਿਲ ਸਿੰਦਲ, ਸੰਜੀਵ ਜੈਨ ਨੇ ਯਮੁਨਾਨਗਰ ਹਰਿਆਣਾ ਦੇ 13 ਸਾਲਾ ਨਿਸ਼ਾਂਤ ਸ਼ਰਮਾ, ਮਾਲੇਰਕੋਟਲਾ ਦੇ 7 ਸਾਲਾ ਮੁਹੰਮਦ ਕੈਫ, 4 ਸਾਲਾ ਮੁਹੰਮਦ ਜ਼ੈਦ, 10 ਸਾਲਾ ਭਾਵਿਆ ਗੋਇਲ ਨੂੰ ਪੰਜਵੇਂ ਪੜਾਅ ਅਤੇ ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੇ 9 ਸਾਲਾ ਸ਼ਿਆਸ ਗਰੋਵਰ ਨੂੰ ਤੀਜੇ ਪੜਾਅ 'ਚ ਦੋ ਮਹੀਨਿਆਂ ਦੀਆਂ ਆਯੁਰਵੈਦਿਕ ਦਵਾਈਆਂ ਭੇਟ ਕੀਤੀਆਂ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਉਪ ਪ੍ਰਧਾਨ ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪ੍ਰਭਾਵਿਤ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਪੀ. ਜੀ. ਆਈ. ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ 'ਚ ਰਜਿਸਟ੍ਰੇਸ਼ਨ-ਸਰਕਾਰੀ ਆਯੁਰਵੈਦਿਕ ਹਸਪਤਾਲ ਪਟਿਆਲਾ 'ਚ ਇਲਾਜ ਲਈ ਪ੍ਰੇਰਿਤ ਕਰ ਕੇ ਦਵਾਈਆਂ ਪ੍ਰਦਾਨ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਕਿਉਂਕਿ ਡਾ. ਰਾਣਾ ਅਨੁਸਾਰ ਆਯੁਰਵੇਦ 'ਚ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਕੰਟਰੋਲ ਕਰਨ 'ਚ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਨੂੰ ਸਰੀਰ ਦੀ ਨੀਂਹ ਮੰਨਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਟਰੱਸਟੀ ਵਿਵੇਕ ਸ਼ਰਮਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਦੁਰਲੱਭ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਤੋਂ ਪੀੜਤ ਬੱਚਿਆਂ ਲਈ ਮੁਫ਼ਤ ਫਿਜ਼ੀਓਥੈਰੇਪੀ, ਕੱਟੂ-ਥੈਰੇਪੀ, ਯੋਗਾ, ਧਿਆਨ, ਹਾਈਡ੍ਰੋਥੈਰੇਪੀ, ਭਾਵਨਾਤਮਕ ਸਹਾਇਤਾ, ਸਲਾਹ ਲਈ ਅੰਬਾਲਾ ਦੇ ਸਾਹਾ ਪਿੰਡ 'ਚ ਸੇਵਾ ਧਾਮ ਆਸ਼ਰਮ ਬਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਕੇਂਦਰ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਹੈ ਕਿ ਦੁਰਲੱਭ ਬੀਮਾਰੀਆਂ ਲਈ ਮੁਫ਼ਤ ਟੀਕੇ-ਇਲਾਜ ਦੇ ਵਿਕਾਸ ਲਈ ਤੁਰੰਤ ਕਦਮ ਚੁੱਕੇ ਜਾਣ।

ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦੇ ਮਾਪਿਆਂ ਨੇ ਭਾਵੁਕ ਆਵਾਜ਼ 'ਚ ਕਿਹਾ ਕਿ ਦਹਾਕਿਆਂ ਤੋਂ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਦਰਦ 'ਚ ਦੇਖਣਾ ਅਸਹਿ ਰਿਹਾ ਹੈ ਪਰ ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ-ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਦੇ ਸਮੂਹਿਕ ਯਤਨਾਂ ਸਦਕਾ ਆਯੁਰਵੈਦਿਕ ਦਵਾਈਆਂ ਨੇ ਸਾਡੇ ਜੀਵਨ 'ਚ ਨਵੀਂ ਰੌਸ਼ਨੀ ਲਿਆਂਦੀ ਅਤੇ ਮਾਸੂਮ ਬੱਚਿਆਂ ਦੀ ਸਿਹਤ 'ਚ ਬਹੁਤ ਸੁਧਾਰ ਹੋਇਆ ਹੈ।

Sangrur Kesari
Jul 10, 2025
पंजाब केसरी

# सेवा ट्रस्ट और डाबर के सहयोग से 'डी.एम.डी.' से जूझ रहे बच्चों को मिली 65 हजार की नि:शुल्क दवाएं

मालेरकोटला, 9 जुलाई (वरिन्द्र): मासूम बच्चों को अपनी चपेट में लेने वाली एक भयानक बीमारी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (पेशीय दुर्विकास) के इलाज और पीड़ितों की सहायता के लिए सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने पंजाब केसरी के चीफ मैनेजिंग डायरैक्टर श्री विजय चोपड़ा जी और जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अविनाश चोपड़ा जी के आशीर्वाद से पंजाब, हरियाणा और हिमाचल में सेवा प्रकल्प चलाए हुए हैं।

इस पहल के तहत, पाठकों के सहयोग से पीड़ितों को जागरूक किया जाता है और उन्हें पी.जी.आई. चंडीगढ़ में रजिस्ट्रेशन तथा सरकारी आयुर्वैदिक अस्पताल पटियाला से इलाज के लिए प्रेरित किया जाता है। डाबर कंपनी ने भी इन रोगियों की सहायता के लिए हाथ बढ़ाया है, जिससे कई बच्चों को बीमारी से लड़ने के लिए शारीरिक ताकत मिली है।

ये विचार सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों (एम.बी.ई.), राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, और राष्ट्रीय उप-चेयरमैन डॉ. वरिन्द्र जैन ने व्यक्त किए। उन्होंने सरकारी आयुर्वेद अस्पताल पटियाला के डॉ. अश्विनी राणा की



*पीड़ितों को दवाइयां सौंपते सदस्य।* (वरिन्द्र)

सलाह पर 2 जिलों के 3 बच्चों को 65 हजार रुपए की आयुर्वैदिक दवाई और इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने बताया कि जिला टीम के सदस्य अनिल गुप्ता, संजीव सिंगला, सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, साहिल जिंदल, शाहिदा बानो, हैरी बराड़, रविन्द्र शर्मा, राजा फरीदी, रजिया खान ने 259वें जिला प्रकल्प के तहत, को-स्पॉंसर डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से, मालेरकोटला के 6 वर्षीय मुहम्मद कैफ और 3 वर्षीय मुहम्मद जैद को चौथे चरण की तथा लुधियाना के 9 वर्षीय शियास ग्रोवर को द्वितीय चरण की 3 महीने की आयुर्वैदिक दवाइयों के साथ दैनिक जरूरतों की इम्यूनिटी बूस्टर किट भेंट कीं।

इस मौके पर मित्तल ने बताया कि डी.एम.डी. (ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी) में जन्म से ही जीन विकार के कारण मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं, जिससे पिंडलियों में जकड़न, हृदय की कमजोरी, जमीन से उठने में कठिनाई जैसी विकृतियां पैदा होती हैं। इलाज न मिलने पर पीड़ित छोटी उम्र में ही मृत्यु का ग्रास बन जाते हैं या मैडीकल उपकरणों के सहारे जीवन काटते हैं।

उन्होंने अंबाला जिले के गांव साहा में 6655 वर्ग फीट जगह में बनने वाले सेवा धाम (मल्टी फैसिलिटी होम) के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक सेवा धाम में दुर्लभ बीमारी वाले बच्चों को नि:शुल्क फिजियोथैरेपी, कटु-थैरेपी, योग, मैडीटेशन, हाइड्रोथैरेपी, इमोशनल सपोर्ट और काउंसलिंग थैरेपी मुहैया कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, डायग्नोस्टिक सैंटर, लड़कियों हेतु कंप्यूटर कौशल सैंटर, महिलाओं हेतु सिलाई प्रशिक्षण एवं उत्पादन केंद्र, तथा वरिष्ठ नागरिकों हेतु डे-केयर सैंटर की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

## क्या कहते हैं माहिर?

डॉ. अश्विनी राणा के अनुसार, डी.एम.डी. एक आनुवंशिक उत्परिवर्तन की दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी है जिसमें 'शरीर ही शरीर का दुश्मन बनकर' मांसपेशियों को कमजोर बनाता है। जबकि आयुर्वेद में 'इम्यूनिटी को शरीर की ताकत' बनाकर बीमारी को बढ़ने से रोकने के प्रयास किए जाते हैं।

## क्या चाहते हैं पीड़ित?

पीड़ितों के अनुसार, डी.एम.डी. के इलाज की पूर्ण सुविधा उपलब्ध नहीं है, और आयुर्वेदिक चिकित्सा में इलाज महंगा है तथा हर दवाई उपलब्ध नहीं है।

इसलिए, वे सरकार से 'दुर्लभ रोग राष्ट्रीय नीति' के तहत वित्त सहायता, मासिक पैंशन, शिक्षा में मदद, रोजगार, आयुष्मान योजना, विकलांग सर्टीफिकेट-यू.डी.आई.डी. कार्ड सहित तुरंत आधुनिक और विदेशी इलाज व दवाइयां मुहैया कराने की मांग करते हैं।

# दुरलॅभ विरासती बीमारी डी. ऐॅम. डी. पीड़तां लई मुढत दवाईआं दा प्रबंध

मालेरकोटला, 11 जुलाई (जुगर)-मासूम बॅचिआं नूं चपेट 'च लैण वाली बीमारी मसकुलर डिसटराफी दे इलाज, मदद लई सेवा टरॅसट यू. के. (भारत) ने पंजाब, हरिआणा, हिमाचल सूबिआं 'च सेवा प्रकलप चलाए हन। इस तहित पीड़तां नूं जागरूक कर के पी. जी. आई. चंडीगड़ 'च रजिसट्रेशन, सरकारी आयुरवैदिक हसपतॉल पटिआला तों इलाज लई प्रेरिआ गिआ। इस 'ते डाबर कंपनी ने रोगीआं दी सहाइता लई जोगदान दिॅता। जिस नाल बहुत सारे बॅचिआं नूं बीमारी नाल लड़न लई सरीरक ताकत मिली। इह विचार सेवा टरॅसट यू.के. (भारत) दे संसथापक ऐॅन. आर. आई. चरन कंवल सेखों (ऐॅम. बी. ई.), राशटरी चेअरमैन नरेश मित्तल, राशटरी उप चेअरमैन डा. वरिंदर जैन ने सरकारी आयुरवेद हसपतॉल पटिआला दे डा. अशविनी राणा दी सलाह 'ते 2 जिलिआं दे 3 बॅचिआं नूं 65,000 दी आयुरवैदिक दवाई, इमिऊनिटी बूसटर किॅट भेट कीती।

उनूं दॅसिआ कि जिला टीम दे अनिल गुपता, संजीव सिंगला, सौरभ शरमा, अवतार सिंघ, साहिल जिंदल, शाहिदा बानें, हैरी बराड, रविंदर शरमा, राजा फरीदी, रजीआ खान ने 259वें जिला पुकलप हेठ कें-सपांसर डाबर इंडीआ लिमिटिड दे सहिजोग नाल मालेरकेटला दे 6 साला मुहैमद कैफ, 3 साला मुहैमद जैद नूं चेंबे पड़ाअ 'ते लुधिआना दे 9 साला शिआस गरेवर नूं दूजे पड़ाअ लई 3 महीने दी आयुरवैदिक दवाईआं समेत रेशानां दी लोड़ां दी इमिऊनिटी बूसटर किॅट भेट कीती।

इस मौके मित्तल नें दॅसिआ कि डी. ऐॅम. डी. 'च जनम तों ही जीन दी खराबी कारन मासपेशीआं कमजेर हो जांदीआं हन जिस कारन पिंडलीआं 'च जकड़न, दिल दी कमजेरी, ज़मीन तों उठण 'च मुशकिल आउंदी है अते इलाज ना मिलण 'ते बॅचे छोटी उमर 'च ही मैत दे मूंह 'च चले जांदे हन जां फिर मैडीकल सैंदां 'ते निरभर हो के जीवन बिताउंदे हन।

उनूं अंबाला जिले दे पिंड साहा 'च 6655 वरगा बूॅट जग्गा 'च बण रहे सेवा धाम (मलटीफैसिलटी होम) बारे किहा कि इस आधुनिक सेवा धाम 'च दुरलभ बीमारी वाले बॅचिआं नूं मुफत फिजीओथैरेपी, कटू-थैरेपी, योग, धिआन, हाइडरोथैरेपी, इमोशनल सहिजेगा अते काउंसलिंगा थैरेपी मुहॅईआ करवाई जावेगी। नाल ही डाइगनेसटिक सैंटर, लड़कीआं लई कंपिउटर सकिॅल सैंटर, महिलावां लई सिलाई टेनिंग अते उतपादन केंदर ते



*पीड़तां नूं दवाईआं सौंपदे सेवा टरॅसट यू. के. दे मैंबर।* (जुगर)

संकुरत नागरिकां लई डेअ-केअर सैंटर वी बनाइआ जावेगा।

डा. अशविनी राणा मुताबक, डी. ऐॅम. डी. इक विरासती उतपरीवरतन नाल होन वाली बीमारी है जिस 'च सरीर आपणा दुशमन बण के मासपेशीआं नूं कमजेर करदा है। जदकि आयुरवेद 'च 'हमिऊनिटी नूं सरीर दी ताकत' बणा के बीमारी नूं वधण तों रेकण दी कोशिश कीती जांदी है।

पीड़तां दी मॅग : पीड़तां अनुसार डी. ऐॅम. डी. दे इलाज दी पूरी सुविधा नहीं है। दूजे पासे. आयुरवैदिक इलाज महिंगा है अते हर दवाई उपलॅबध नहीं। इस लई सरकार 'दुरलभ रेग राशटरी नीती' अधीन विॅती सहाइता, मासिक पैंशन, सिॅखिआ 'च मदद, रेजगार, आयुशमान योजना, विअंगता सरटीफिकेट अते यू.डी.आई डी. कारड समेत तुरंत आधुनिक ते विदेशी इलाज अते दवाईआं उपलॅबध करवाए।

## SEVA DHAAM ASHRAM

SEVA TRUST UK

SERVING TOGETHER FOR A BETTER FUTURE

"Empowering Lives Through Care and Compassion"

www.sevatrustuk.org
www.sevadhaam.org
SEVATrustIndia

# सेवा धाम - आश्रम

(संचालित: सेवा ट्रस्ट यूके - भारत)

Charitable Trust (Regd.)

दुर्लभ रोग उपचार आश्रम:

- ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी (DMD) से पीड़ित बच्चों के लिए निःशुल्क फिजियोथेरेपी, कटूथेरेपी, हाइड्रोथेरेपी, योग, ध्यान एवं आयुर्वेदिक उपचार
- निःशुल्क कंप्यूटर कौशल विकास सैंटर (लड़कियों के लिए)
- निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण एवं उत्पादन सैंटर (महिलाओं के लिए)
- निःशुल्क डे केयर सैंटर (बुजुर्गो के लिए)
- डायग्नोस्टिक सैंटर (आधुनिक जांच सुविधाओं के साथ)

पता: गाँव व डाकखाना साहा, जिला अंबाला (हरियाणा) - 133104 infoindia@sevatrustuk.org

संपर्क करें: +91-99928-62888, +91-80000-03214, +91-94169-53887, +91-98130-19391, +91-94164-30503

"निःस्वार्थ सेवा, समर्पण और सहयोग के साथ..."



# BLOOD DONATION CAMPS

**रक्तदान शिविर • एनएसीआई एम्स बाढ़सा की टीम ने किया 100 यूनिट रक्त एकत्रित**

## रक्तवीरों ने कैंसर पीड़ितों की मदद के लिए बढ़ाए हाथ

भास्कर न्यूज | झज्जर

स्वच्छ भारत–स्वस्थ समुदाय अभियान के तहत इंडेप्थ विजन फाउंडेशन, सेवा ट्रस्ट यूके-इंडिया, बाबा संतोक दास मंदिर सेवा ट्रस्ट एवं ग्रामीण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छारा के संयुक्त तत्वावधान में बाबा संतोक दास मंदिर धर्मशाला, छारा में कैंसर पीड़ितों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एनएसीआई एम्स बाढ़सा की टीम द्वारा 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होगा। शिविर की अध्यक्षता गांव के पंच मास्टर अनिल दलाल और मास्टर प्रदीप दलाल ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा संतोक दास मंदिर सेवा ट्रस्ट, देवा मेडिकल स्टोर, ग्रामीण विद्यालय छारा, शहीद भगत सिंह एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी तथा मुस्कान दलाल फाउंडेशन का विशेष योगदान रहा। ग्रामीण विद्यालय के छात्रों ने रक्तदाताओं के प्रोत्साहन हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं प्रस्तुत कीं और श्रम दान किया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र दलाल, धर्मबीर दलाल, सरपंच प्रतिनिधि दीपक दलाल, पवन ठेकेदार एवं सक्की दलाल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं को बैज और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।



झज्जर. रक्तदाता का हौंसला बढ़ाते पंच अनिल दलाल।

### रक्तदाताओं को इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट

ग्रामीण विद्यालय के निदेशक सतेंद्र दलाल, सेवा ट्रस्ट की ओर से रीना, स्नेहा व पूनम देशवाल ने संस्था के कॉस्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से सभी रक्तदाताओं को इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। शिविर में महेश दलाल, अमित,भोकल, हरी दांगी, लाला ,सुरेश पहलवान, रफ्केश साहब, विनोद मेंबर, सामाजिक कार्यकर्त्ता ललिता राठी, तुषार, कैप्टन जीत सिंह,भानु फौजी , हरीश कादयान राकेश दलाल मौजूद रहे।

## सेवा ट्रस्ट यूके, भारत ने गांव केसरी में लगाया रक्तदान शिविर

» शिविर में 36 रक्तदाताओं ने किया स्वैछिक रक्तदान

अम्बाला, 9 नवम्बर (बलराम): सेवा ट्रस्ट यूके, भारत द्वारा गांव केसरी में स्व. रोहन मित्तल की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता ट्रस्ट के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने की। रक्तदान शिविर में शामिंदर सिंह गरचा इंगलैंड ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर स्व. रोहन मित्तल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर शमिंदर गरचा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा जो विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है वो एक बहुत ही नेक कार्य है। रक्तदान से न सिर्फहमारा शरीर, बल्कि दिमाग पर भी पॉजीटिव असर पड़ता है। रक्तदान से हम किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं और साथ ही हमारी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। रक्तदान से हमारे दिल की क्रिया में सुधार होता है, वजन कंट्रोल में रहता है, हृदय जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है। शिविर में 48 रक्तदाताओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 36 रक्तदाताओं ने स्वैछिक रक्त दान किया।

शिविर में आयुषी मित्तल, विकास मित्तल, मुस्कान मित्तल, क्षितिज मित्तल, अंकित व राकेश सिंगला ने पहली बार और पवन मित्तल ने 33वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में एचडीएफसी बैंक का विशेष योगदान रहा। ट्रस्ट ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटिड की तरफसे सभी रक्तदाताओं को जूस वितरित किया गया।

रक्तदान शिविर में श्रद्धांजलि देने वालों में जोगा सिंह बिसला इंगलैंड, बाबा सिंह बिसला इंगलैंड, दिलबाग सिंह बागी, रणजीत सिंह कंडेला, जीत सिंह दोसांझ, विवेक शर्मा, रिंपल चौहान, बलजिंदर कुमार, गुरमीत पुनिया, वागीश शर्मा, पवन मित्तल, राज कुमार पुंडरी, रवींद्र मास्टर, योगेश गर्ग, आदित्य जैन, डा. कुलदीप गुप्ता, नवीन गुप्ता, महेश वासन, सुरेंदर मित्तल, जसबीर राणा, गंगाधर व नरेश शर्मा आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते संस्था के पदाधिकारी/सदस्य।

Rohtak Kesari
May 06, 2025
पंजाब केसरी

## कैंसर पीड़ितों के लिए 60 यूनिट रक्त जुटाया

रोहतक, 5 मई (ब्यूरो) : संस्थाओं इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 60 रक्तदाताओं ने अपना रक्त कैंसर पीड़ित रोगियों के लिए दान किया। सोमवार को शिविर छिकारा चौक पर स्तिथ करियर कंप्यूटर अकैडमी पर लगाया गया, जिसमें जिला पार्षद चेयरमैन कसान बिरधना मुख्य अतिथि तथा डॉक्टर राम चरण विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को बैच लगाकर तथा सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभीं को रक्तदान से होने वाले फायदो से भी अवगत कराया।

वहीं, नरेंद्र कुमार ने बताया कि वे प्रति वर्ष 5 मई को अकैडमी के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर लगवाते है। उन्होंने बताया कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है केवल आपका शरीर ही रक्त बना सकता है।

वहीं,आई.वी.एफ. की संयुक्त सचिव पूनम देशवाल ने बताया कि ये संस्था द्वारा 77वां रक्तदान शिविर लगाया गया है। संस्था सेवा ट्रस्ट से खुशी, जतिन तथा राहुल ने सभी को संस्था की को स्पान्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ़ से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। इस अवसर पर विकास धनखड़, मास्टर अनिल यादव, संदीप, खुशी, जितेंद्र, जतिन, राहुल व साक्षी आदि मौजूद रहे।



रक्तदाताओं के साथ आयोजक।

Rohtak Kesari
May 13, 2025
पंजाब केसरी

## ऑपरेशन सिंदूर के चलते लगाया रक्तदान शिविर

**100 रक्तवीरों ने अपने हाथ बढ़ाए**

रोहतक, 12 मई (मैनपाल): संस्थाओं इंडेप्थ विजन फाउंडेशन, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा हरियाणा रोडवेज़ झज्झर के कर्मचारियों द्वारा बस स्टैंड झज्झर पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 100 रक्तदाताओं ने अपना रक्त कैंसर पीड़ित रोगियों के लिए दान किया। रक्त एकत्रित करने के लिए राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान, एम्स बाढ़सा के रक्तकोष की टीम ने किया।

शिविर में हरियाणा रोडवेज़ कर्मचारी यूनियन झज्झर के जी.एम. संजीव तिहाल मुख्य अतिथि तथा हरियाणा राज्य परिवहन कर्मचारी संघ के प्रधान रामबीर कुमार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने स्वम रक्तदान किया तथा रक्तदाताओं को बैज लगाकर व प्रशंसा पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया।

वहीं, संजीव तिहाल ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते अगर आवश्यता हुई तो वे और भी शिविर लगाने को तैयार है।

प्रधान रामबीर ने बताया कि देश हित के लिए हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है की आगे आकर अपना सहयोग दे। उन्होंने बताया कि कैंप को सफल बनाने में बीजेंद्र, कृष्ण, डीटीएस इंचार्ज अरुण, विक्की तथा अन्य सभी रोडवेज कर्मचारियों का सहयोग रहा।

**वितरित की इम्युनिटी बूस्टर किट**

वहीं, संस्था सेवा ट्रस्ट से आशु तथा आदित्य ने संस्था की कॉस्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी को इम्युनिटी बूस्टर किट भेट की। संस्था आई.वी.एफ. से अश्वनी व निशा ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते संस्थाओं द्वारा रक्तकोषों में रक्त की आपूर्ति के लिए और भी शिविर लगाये जाएंगे।

इस अवसर पर विकास धनखड़, संदीप देशवाल, पूनम देशवाल, सिमरन, स्नेहा,आदित्या, सोनू तथा समस्त रोडवेज कर्मचारियों आदि ने सहयोग किया।



रक्तदाता को सम्मानित करते आयोजक।

# 112 युवाओं ने किया रक्तदान, जरूरतमंदों को जीवनदान देने का लिया संकल्प




*रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते राजीव जैन व अन्य।*

सोनीपत, 18 मार्च (ब्यूरो): राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में सेवा ट्रस्ट यू.के. इंडिया व इंडेप्थ विजन फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का शुभारंभ नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने किया। इस दौरान 112 युवाओं ने रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद का संकल्प लिया।

पूर्व मेयर राजीव जैन ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। समय पर रक्त मिलने से जरूरतमंद को जीवनदान मिल सकता है। समाजसेवी राजू मदान ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता, यह केवल स्वस्थ व्यक्ति से ही प्राप्त होता है, इसलिए रक्तदान महादान है। प्राचार्य प्रवेश कुमार ने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए रक्तदान बेहद जरूरी है, इससे स्वयं का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। स्टेट अवॉर्डी दिलबाग सिंह ने रक्तदान के फायदे बताते हुए इसे हृदय और लीवर के लिए लाभकारी बताया।

रक्त संग्रह का कार्य रोटरी क्लब सोनीपत की रक्तकोष टीम ने किया। संस्था अध्यक्ष सुरेश वत्स ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र, उपहार व खाद्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। लक्ष्मीनारायण ने रक्तदान के बाद नशे से दूर रहने की सलाह दी।

शिविर में ईश्वर शर्मा, प्रवेश सांगवान, अमित वत्स, संदीप पराशर, रामदिया, जितेंद्र, दिलबाग, सतीश वत्स, प्रवीण वत्स, दीपक, अनिल, माईराम कौशिक, अरुण बंसल, ललित बत्रा, पुनीत जांगड़ा, नीरज शर्मा, सरदार मोहन मनोचा, प्रवीण वर्मा, सुशील वर्मा (राजू), विजय हुड्डा, रमेश मदान, सतबीर गौतम, डॉ. यशपाल, विजयपाल चौहान, हवा सिंह, मास्टर सुरेंद्र, पवन पालीवाल, अनिल स्वामी, विनोद परिचालक, अनिल दहिया, रामनिवास, शीला छहतेरा, सचिन सैनी, मोनू शर्मा, राजेंद्र एस.डी.ओ. सहित अनेक गण्यमान्य मौजूद रहे।

## WOMEN EMPOWERMENT ACTIVITY

# लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम कार्यक्रम स्व. तरुण कौशल को समर्पित

बराड़ा, 11 जनवरी (गेरा): सेवा ट्रस्ट यूके, भारत की ओर से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी स्वर्गीय तरुण कौशल की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत गांव दादूपुर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम कार्यक्रम को स्व. तरुण कौशल को समर्पित करते हुए समाज सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके के चेयरमैन नरेश मित्तल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में बराड़ा नगर पालिका के अध्यक्ष रजत मलिक तथा विशिष्ट अतिथि महंत शिवानी, आईशा और मनीषा ने शिरकत की।

अतिथियों ने स्व. तरुण कौशल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और कहा कि अल्पायु में समाज सेवा की जो मिसाल उन्होंने कायम की, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। इस अवसर पर ट्रस्ट सदस्य बलजिंदर कुमार और मदन गोपाल ने स्व. तरुण कौशल के जीवन व कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक कुशल शिक्षक होने के साथ-साथ संवेदनशील समाजसेवी भी थे। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके प्रयासों से अनेक जरूरतमंद परिवारों को नई दिशा मिली। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं, ट्रस्ट पदाधिकारियों व गणमान्य व्यक्तियों ने दो मिनट का मौन रखकर स्व. तरुण कौशल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



गांव दादूपुर में लोहड़ी पर्व कन्याओं के नाम कार्यक्रम के दौरान सेवा ट्रस्ट यूके, भारत के पदाधिकारी, अतिथि व ग्रामीण महिलाएं। (गेरा)

सेवा ट्रस्ट यूके के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय युवा पुरस्कार सहित कई राज्य स्तरीय सम्मानों से नवाजा गया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा शुरू किए गए सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके की ओर से को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं व उपस्थित लोगों को इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की गई, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की। कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट पदाधिकारियों ने स्व. तरुण कौशल के सपनों को साकार करने के लिए समाज सेवा के कार्यों को और अधिक व्यापक रूप देने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में ट्रस्ट सदस्य जसवंत राणा, गौरव गोयल, उमेश धीमान, प्रदीप, तरसेम, नरेश सरकपुर, राहुल छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सेवा ट्रस्ट ने 180 महिलाओं को वितरित की बूस्टर किट, स्वच्छता अभियान की ली शपथ

सवेरा न्यूज/जसबीर दुग्गल

कुरुक्षेत्र, 2 सितंबर : गीता ज्ञान संस्थान में सेवा ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कुरुक्षेत्र कोआर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में 180 महिलाओं को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद द्वारा डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की गई। यह वितरण सेवा ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से हुआ। डाबर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मनिंदर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान केडीबी 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने उपस्थित जनों से शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता ही सेवा को एक आंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया।


बूस्टर किट वितरित करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने सभी को अपने जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी, पूर्वजो की पुण्यतिथि, धार्मिक और राष्ट्रीय त्योहारों पर शहर के सौन्द्रीयकरण का संदेश दिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना पर विशेष जोर दिया। सेवा ट्रस्ट ने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी ली। कार्यक्रम में थानेसर खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन, जसबीर राणा, दिलबाग सिंह, रमेश गुप्ता, योगेश गर्ग, सुरेश राणा, डॉ. महीपाल, जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल, तेजस मित्तल, कुसुम और सीमा मोहन नगर, सुनीता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दैनिक सवेरा
Wed, 03 September 2025
epaper.dainiksaveratimes.in/c/78079704

दैनिक भास्कर कुरुक्षेत्र भास्कर 20-07-2026

मंडे पॉजिटिव 5 साल पहले शुरू हुए 25 सेंटर से अब तक 580 महिलाएं बन चुकी आत्मनिर्भर

# महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रहा सेवा ट्रस्ट

विकासबत्तन | कुरुक्षेत्र

जिले की महिलाओं को सेवा ट्रस्ट यूके आगे बढ़ने की राह दिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहा है। इसकी शुरुआत 5 साल पहले हुई। जिले में 25 जगहों पर सिलाई व कढ़ाई प्रशिक्षण सेंटर खोले गए, ताकि महिलाएं घर पर ही बुटीक खोलकर अपने पैरों पर खड़ी होने के साथ ही परिवार के लिए भी आर्थिक सहयोग कर पाएं। पिछले 5 साल में जिले में चल रहे इन प्रशिक्षण केंद्रों से 580 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। इन सभी सेंटर में महिलाओं को 6 महीने का निशुल्क प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें सर्टीफिकेट भी दिया जाता है, ताकि महिलाएं सिलाई सेंटर खोलने के लिए सरकार से लोन भी ले सकें। इनमें से अधिकतर महिलाएं घर पर ही सिलाई व कढ़ाई का काम करके घर खर्च में हाथ बंटा रही हैं। वहीं कई महिलाएं ऐसी हैं जिन्होंने इस प्रशिक्षण को हासिल करके बड़े स्तर पर बुटीक खोल लिए हैं और दूसरी महिलाओं को ही रोजगार देने का काम कर रही हैं।

सेवा ट्रस्ट यूके के जिला संयोजक पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके का लक्ष्य महिलाओं को इन सिलाई स्कूल के माध्यम से प्रशिक्षित करके आत्मनिर्भर बनाने का है। उन्होंने कहा कि 5 साल के दौरान 580 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण लेने के बाद महिलाओं ने घर पर और बुटीक खोलकर काम शुरू किया, जिसकी बदौलत अब इन महिलाओं की जिंदगी में बहुत बदलाव आया है। कई महिलाओं ने तो बुटीक खोलकर दूसरी महिलाओं को भी रोजगार देने का काम किया है।



कुरुक्षेत्र। सेवा ट्रस्ट यूके के सिलाई स्कूल में प्रशिक्षण लेती महिलाएं।

## इन जगहों पर चल रहे सिलाई सेंटर

हथीरा, किरमिच, बारना, कमोदा, ज्योतिसर, दयालपुर, आलमपुर, मिर्जापुर, बाहरी, मथाना, बीड़ मथाना, पिपली, बीड़ पिपली, कनौफला, बिहोली, बजीदपुर, उमरी, पलक्ल, अमीन, खेड़ी ब्राह्मण, खेड़ी मारकंडा, सुनहेड़ी खालसा, किशनपुरा, अमरगढ़ मझाझा और प्रतापगढ़ में सिलाई सेंटर चलाए जा रहे हैं।

गांव खेड़ी ब्राह्मण की सुनीता देवी, अमीन वासी मीना, किरमिच वासी शारदा, खेड़ी मारकंडा वासी ममता और मिर्जापुर वासी रिंपी ने बताया कि उन्होंने सेवा ट्रस्ट यूके के प्रशिक्षण केंद्र से सिलाई का प्रशिक्षण लिया। इसके बाद उन्होंने शुरुआत में घर पर ही कपड़ों की सिलाई का काम शुरू किया। वहीं अब वे अपना बुटीक चला रही हैं।

# प्रवासी महिलाओं को किया मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वर्ल्ड डॉक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में इंडेप्थ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा प्रवासी महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था सदस्यों ने शहर की बाहरी क्षेत्र में स्थित झुग्गी बस्तियों में रहने वाली प्रवासी महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन की प्रतिनिधि पूनम देशवाल एवं खुशी ने महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें सैनेटरी हाइजीन के आधुनिक तरीकों और इसके महत्व की जानकारी दी। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिसे सामाजिक वर्जनाओं के बजाय वैज्ञानिक सोच के साथ समझने और अपनाने की आवश्यकता है। इस मौके पर संस्था सदस्य मनोज कुमार, धर्मेंद्र, पिंकी रानी, मधु यादव, प्रीति सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




झज्जर। रहणिया रोड स्थित झुग्गी बस्ती में प्रवासी महिलाओं के साथ उपस्थित संस्था की सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## ENVIORNMENT PRESERVATION ACTIVITY

# हरित भारत-हरित धरा अभियान के तहत अधोया विद्यालय में हुआ पौधारोपण

## सेवा ट्रस्ट यू.के. ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




*हरित भारत–हरित धरा अभियान के तहत पौधे भेंट करते ट्रस्ट सदस्य।* (गेरा)

बराड़ा, 28 जुलाई (गेरा): अंतर्राष्ट्रीय संस्था सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा संचालित हरित भारत–हरित धरा अभियान के तहत खंड बराड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए कहा गया कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। शुद्ध वायु, जल और छाया का प्रमुख स्रोत पेड़ ही हैं, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि चेयरमैन नरेश मित्तल के नेतृत्व में जिला अम्बाला के साहा स्थित सेवा धाम आश्रम में डी.एम.डी. से पीड़ित बच्चों को नि:शुल्क फिजियोथैरेपी, आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। भविष्य में वहां हाइड्रोथैरेपी, क्यूपिंग थैरेपी, योग, मैडीटेशन तथा आयुर्वेदिक उपचार जैसी सुविधाएं भी नि:शुल्क उपलब्ध कराने की योजना है, ताकि जरूरतमंद बच्चों को बेहतर उपचार मिल सके। विद्यालय प्रशासन ने संस्था के सामाजिक एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# 'पॉलिथिन हटाओ, पर्यावरण बचाओ' कार्यक्रम का किया आयोजन

कुरुक्षेत्र, 15 जून (विनोद खुंगर): सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) द्वारा अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में हरित भारत, हरित धरा अभियान के अंतर्गत पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आई हेट पॉलिथीन मुहिम की राष्ट्रीय संयोजिका पूजा अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।




*पॉलिथीन हटाओ, पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम में शामिल सेवा ट्रस्ट यूके (इंडिया) के सदस्य व अन्य।* (विनोद खुंगर)

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रोफेसर वनिता ढींगरा व प्रो. प्रोमिला ने कहा कि प्रकृति ने हमें वे सभी संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं, जो एक सुखी जीवन के लिए आवश्यक हैं। हमें बिना किसी मूल्य के प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं। इसलिए यह हमारा कर्त्तव्य है कि हम पॉलिथीन का उपयोग बंद करके प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें।

इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के ट्रस्टी विवेक शर्मा ने मौजूद सभी महिलाओं व अन्य को पॉलिथीन का उपयोग न करने को कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन मे खुद भी व पड़ोस मे रहने वाले सभी को पॉलिथीन का उपयोग न करने के प्रति जागरूक करना है।

सेवा ट्रस्ट के जिला को–ऑर्डिनेटर पवन मित्तल व वालंटियर जय कुमार ने कार्यक्रम में सभी को पॉलिथीन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई कि हम यह शपथ लेते हैं कि आज के बाद अपने घर में पॉलिथीन का प्रयोग नहीं करेंगे।

सेवा ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के मीडिया प्रभारी विजय पंघाल व संगठन सचिव नरेश शर्मा ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पॉलिथीन के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से हरियाणा के दस जिलों में अभियान चलाने का संकल्प लिया है।

सेवा ट्रस्ट थानेसर के कोऑर्डिनेटर राजेश सैन व सुमंत सैनी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी जन का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में सेवा ट्रस्ट द्वारा अपनी को–स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से सभी महिलाओं को डाबर रियल जूस व अन्य सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर तेजस मित्तल, नीरू देवी, सुनीता देवी, मीना, रेखा, वॉलंटियर अक्ष्य जैन व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सेवा ट्रस्ट यू.के. ने चलाया पॉलीथिन हटाओ-पर्यावरण बचाओ अभियान

# हम सभी का कर्त्तव्य है कि पॉलीथिन का उपयोग बंद करके प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें : पराशर



कार्यक्रम के दौरान जागरूक करते सेवा ट्रस्ट यू.के., भारत संस्था के सदस्यगण व अन्य। (संजय)

अम्बाला, 24 अक्तूबर (बलराम): सेवा ट्रस्ट यू.के., भारत द्वारा गांव मानकपुर गांव के राजकीय उच्च विद्यालय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय में हरित भारत-हरित धरा अभियान के अंतर्गत पॉलीथिन हटाओ-पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि ट्रस्ट प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रकृति ने हमें वे सभी संसाधन और सुविधाएं प्रदान की हैं, जो एक सुखी जीवन के लिए आवश्यक हैं। हमें बिना किसी मूल्य के प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं, इसलिए हमारा भी यह कर्त्तव्य बनता है कि हम पॉलीथिन का उपयोग बंद करके प्रकृति को स्वच्छ और सुरक्षित रखें। सभी को इस मुहिम में एकजुट होकर योगदान देना होगा, तभी हम पॉलिथीन के उपयोग को पूरी तरह समाप्त कर पाएंगे।

पराशर ने उपस्थित सभी को पॉलीथिन का उपयोग न करने की शपथ दिलाई कि हम यह शपथ लेते हैं कि आज के बाद अपने घर में पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करेंगे और हम उम्मीद करते हैं कि अपनी दिनचर्या में पॉलीथिन का प्रयोग न करके एक दिन अपने वातावरण को पॉलीथिन मुक्त कर देंगे। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय में पौधारोपण कर विद्यार्थियों से अपील की कि हमें हर खुशी के मौके पर पौधारोपण करना व करवाना चाहिए, चाहे वो जन्मदिवस हो या कोई पर्व।

इस दौरान ट्रस्ट की सदस्य व अध्यापिका हेमलता ने विद्यार्थियों को पॉलीथिन का उपयोग अपने दैनिक जीवन मे न करने को कहा और साथ ही पड़ौस में रहने वाले सभी को पॉलीथिन का उपयोग न करने के प्रति जागरूक करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा के प्रति सजग रहकर अपनी सफलता के लिए एक लक्ष्य जरूर निर्धारित करना चाहिए और हनेशा शिक्षा में अपडेट रहना चाहिए।

यही नहीं, विद्यार्थियों को नशे से दूर रहना चाहिए, क्योंकि नशे से मानसिक और शारीरिक विनाश होता है। कार्यक्रम के लिए विद्यालय प्रभारी प्रतिमा सभरवाल, प्रभारी जितेंद्र कौर और पंकज रत्ती ने सेवा ट्रस्ट यू.के. और पराशर का इस सहरानीय कार्य के लिए धन्यवाद किया और भविष्य में भी विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम ट्रस्ट द्वारा करते रहने की कामना की।

कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यू.के. द्वारा अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी विद्यार्थियों को डाबर का रियल जूस उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर सर्वजीत सैनी, गुरजीत कौर, प्रमोद मित्तल, गुरप्रीत सिंह, राहुल व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान की ली शपथ

- सेवा ट्रस्ट ने सफाई कर्मी महिलाओं को वितरित की बूस्टर किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा वार्ड 28 न्यू लक्ष्मण कालोनी नजदीक जय भारती स्कूल के पास स्वच्छता प्रहरीयों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कुरुक्षेत्र कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में सफाई कर्मी सभी महिलाओं को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की गई। यह वितरण सेवा ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम के दौरान सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने अपने वार्ड शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए अपने विचार सांझा किए।



### शहर के सौंदर्यीकरण का संदेश दिया

*इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता ही सेवा को एक आंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने सभी को अपने जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी, पूर्वजो की पुण्यतिथि, धार्मिक और राष्ट्रीय त्योहारों पर शहर के सौन्दीयकरण का संदेश दिया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल ने सभी को हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में योगेश गर्ग व तेजस मित्तल ने आम नागरिकों को स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान कार्यक्रम के साथ जुड़कर गली मौहल्ले को स्वच्छ बनाने को प्रेरित किया। इस मौके पर वार्ड की सभी सफाई कर्मी उपस्थित रहे।*

## SOCIAL AWARENESS CAMPS

Sangrur Kesari

May 27, 2025

पंजाब केसरी

# 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' : प्रकल्प के अंतर्गत 2,421 छात्रों को 10 लाख की डाबर इम्युनिटी बूस्टर किट बांटीं

मालेरकोटला, 26 मई (वरिन्द्र): समाज में कन्याओं का सम्मान करने की परम्परा अति प्रेरणामय पंथ रहा है तथा बच्चियों को पढ़ा लिखा कर देश की उन्नति में अहम योगदान डालने-मानवता सेवा तहत छात्राओं की आर्थिक मदद से पुण्यों के भागीदार बन सकते है।

इसलिए एकजुटता से 'बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ' मुहिम में 'हर कन्या की सहायता-खुशहाल समाज का आगाज' को जीवन का अहम अंग बनाए।

यह विचार सेवा ट्रस्ट यू.के. के संस्थापक चरन कंवल सेखों के सान्निध्य में राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने 'शिक्षा ही असली पूंजी है दहेज नहीं' प्रकल्प की सराहना करते कही।

उन्होंने बताया कि पंजाब केसरी समूह के संस्थापक अमर शहीद लाला जगत नारायण जी की प्रेरणा तथा प्रमुख सम्पादक श्री विजय चोपड़ा जी, संयुक्त प्रबंधक निदेशक श्री अविनाश चोपड़ा, अमित चोपड़ा के सान्निध्य में ट्रस्ट ने राष्ट्रीय उप चेयरमैन डॉ. वरिन्द्र जैन, शिक्षा कोऑर्डिनेटर सजीव सिंगला, सीनियर कोऑर्डिनेटर अनिल गुप्ता, सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, साहिल जिंदल, रवींद्र शर्मा, रजिया खान, शाहिदा बानो, राजा फरीदी, हैरी बराड़ के नेतृत्व में को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान चलाया है।



छात्रों को इम्युनिटी बूस्टर किट बांटते हुए मैंबर। (वरिन्द्र)

जिसमें प्रकल्प 250 से 258 अंतर्गत स्लम एरिया के 61 बच्चों को 25 हजार, 110 निर्धन परिवारों को 1 लाख, 1500 रक्तदानियों को 6 लाख, सेवा भारती के 100 विद्यार्थियों को 20 हजार, बांके बिहारी सिलाई सैंटर के 200 बच्चों को 30 हजार, सरकारी स्कूल बहादुरगढ़ के 200 बच्चों को 30 हजार, सरकारी स्कूल बेगोबाल के 110 विद्यार्थियों को 50 हजार, 90 ज्योति विद्वानों को 1 लाख 35 हजार, सरकारी स्कूल बालेवाल में 50 बच्चों को 10 हजार के डाबर इम्युनिटी बूस्टर किट बांटी।

नरेश मित्तल ने कहा कि इंसान का 'मन' जब भी 'प्रभु भक्ति-सबकी मदद' हेतु कार्य करता है तो जीवन में सुखों का निवास होता है इसलिए आपसी प्यार-प्रभु विश्वास से देश, समाज की सेवा को अहम बनाए जिसके लिए 'पंजाब केसरी' समूह हमेशा ही प्रोत्साहन पंथ बना है।

मुख्य अध्यापक अवतार सिंह, नीलम सिंगला ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा हेतु कुशल शिक्षक ही जनमानस सहयोग से सर्वगुण विकास हेतु पाठन सामग्री, स्किल डेवलपमैंट ही भारत का कुशल भाग्य विधाता बनाता है।

इसलिए हमें देह-मन-वचन से विश्व कल्याण में समर्पित रहना चाहिए तथा हर इंसान को देवता समझ कर सेवा ही सर्वश्रेष्ठ धर्म का मार्ग अपनाना चाहिए। इसी ज्ञान के दीप को प्रज्ज्वलित करने में अनथक भाव से जुटे सेवा ट्रस्ट यू.के. के (भारत) के सदस्य सुसंस्कृत राष्ट्र निर्माण के सेवादूत बने है।

Sangrur Kesari

Oct 30, 2025

पंजाब केसरी

# लाला जगत नारायण व स्व. स्वदेश चोपड़ा की प्रेरणा से 2080 लोगों को त्यौहारों पर सवा लाख का जूस बांटा

मालेरकोटला, 29 अक्तूबर (वरिन्द्र): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों (एम.बी.ई.) के नेतृत्व में इंडिया चेयरमैन नरेश मित्तल ने पंजाब केसरी समूह के संस्थापक अमर शहीद लाला जगत नारायण के मार्गदर्शन में मुख्य सम्पादक श्री विजय चोपड़ा की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती स्वदेश चोपड़ा की प्रेरणा से चौहारों पर विभिन्न स्कूलों-धार्मिक समागम में 2080 लोगों को सवा लाख रुपए का जूस बांटा।

राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन, शिक्षा को-ऑर्डिनेटर सजीव सिंगला, सीनियर को-ऑर्डिनेटर अशोक सिंगला-अनिल गुप्ता, धार्मिक को-ऑर्डिनेटर सौरभ शर्मा-अवतार सिंह ने को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटिड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान में स्कूल आफ एमिनैंस एंड सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल संदौड़ में प्रिंसीपल दलबीर सिंह के नेतृत्व में प्रकल्प 276 अंतर्गत 300 विद्यार्थियों को 40 हजार का जूस बांटा।



बच्चों को जूस बांटते सेवा ट्रस्ट यू.के. के मैंबर। (वरिन्द्र)

लुधियाना जिला को-ऑर्डिनेटर साहिल जिंदल ने राकेश गर्ग के सहयोग से प्रकल्प 269 से 30 परिवारों को 30 हजार रुपए की इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट करवाई वही धूरी को-ऑर्डिनेटर सजीव जैन ने प्रकल्प 271 से विशाल शोभा यात्रा में 1500 भक्तों सहित प्रकल्प 276 से सरकारी स्कूल धुरा में 100 बच्चों को 45 हजार रुपए का जूस पिलाया।

इसी तरह श्री कृष्ण मंडल के अध्यक्ष अमित सूरी ने भगवान श्रीराम स्मरण में 100 भक्तों को 4 हजार का जूस पिलाया तथा पी.एम. श्री स्कूलों के एक्जेंच कार्यक्रम अधीन कुठाला स्कूल के 50 विद्यार्थियों को प्रकल्प 273 से 6 हजार का जूस देकर पर्व की खुशियां सांझा की है।

**पंजाब केसरी सिखाता सर्वधर्म प्रेम :** अनिल गुप्ता, सजीव सिंगला ने कहा कि पंजाब केसरी ने जम्मू कश्मीर में राशन, वस्त्र, रजाई, कम्बल की मदद, धार्मिक संस्थाओं का सम्मान, विधवा-बुजुर्ग को पैंशन आदि सेवा प्रकल्प से सबको एक दूसरे की मदद करने, सर्वधर्म में आपसी प्रेम को बढ़ाना सिखाया।

**विद्यार्थी सफलता हेतु मेहनत चुने :** नरेश मित्तल ने वर्चुअल वार्ता में कहा कि विद्यार्थी जीवन में सफलता हेतु बड़े सपने देखने के साथ सख्त मेहनत को प्राथमिकता दे क्योंकि हर देश को शक्तिशाली बाने की जिम्मेदारी नौजवानों के कंधों पर होती है।

पंजाब केसरी
SUN,21 SEPTEMBER 2025
EDITION: SANGRUR KESARI, PAGE NO. 3

# सेवा प्रकल्प : लाला जगत नारायण व स्व. स्वदेश चोपड़ा की स्मृति में 8084 लोगों को 7 लाख की डाबर इम्युनिटी बूस्टर किट बांटी

मालेरकोटला, 20 सितम्बर (वरिन्द्र): आधुनिक युग में नौजवान पीढ़ी को पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव से बचाकर संस्कृति-संस्कारों-सेवा से अवगत कराने हेतु नैतिक शिक्षा की अहम जरूरत है। जिसमें विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों बारे जागृत करे तथा करुणा-दया-बंधुत्व भाव से उज्ज्वल समाज की सृजना के भागीरथ बने।

क्योंकि नैतिक शिक्षा ही जीवन में चरित्र निर्माण का आधार है तथा शिक्षा के बिना जिंदगी पशु समान है, जबकि शिक्षित मनुष्य ही मानसिक-सामाजिक रूप में जागरूक होकर कार्यों, विचारों, संस्कारों, ज्ञान, परम्पराओं से आदर्श समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण-व्यक्तित्व का निर्माणकर्ता बनता है।

यह विचार सेवा ट्रस्ट यूके. (भारत) के संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों के सान्निध्य में राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल ने 'नैतिक शिक्षा नव चेतना का पथ' तहत युवा पीढ़ी में सर्वमान्य मानवीय गुणों का संचार सैमीनार में कहे है।

इस दौरान राष्ट्रीय उप चेयरमैन डा. वरिन्द्र जैन के सान्निध्य में जिला टीम के अनिल गुप्ता, अशोक सिंगला, सौरभ शर्मा, अवतार सिंह, सजीव सिंगला, साहिल जिंदल, रोहित शर्मा ने प्रकल्प 259-265 से अंतर्गत डाबर इंडिया लिमिटड के सौजन्य से 'स्वस्थ भारत-स्वस्थ समुदाय' अभियान तहत लाला जगत नारायण व स्व. स्वदेश चोपड़ा की स्मृति में 8084 लोगों को 7 लाख की डाबर इम्युनिटी बूस्टर किटें बांटी।



विभिन्न प्रकल्प में बूस्टर किट बांटते सेवा ट्रस्ट यूके. (भारत) के सदस्य। (वरिन्द्र)

जिसमें संत स्वामी ज्वाला दास सीनियर सैकेंडरी स्कूल सादतपुर के रसीद अब्बास के नेतृत्व में 503 विद्यार्थियों, सरकारी सीनियर सैकेंडरी-प्राइमरी स्कूल नारिके के प्रिंसीपल जसविन्द्र सिंह, मुहम्मद अखलाक के सान्निध्य में 204 बच्चों, शहीद करतार सिंह सराभा सरकारी मिडल-प्राइमरी स्कूल मोहाली खुर्द के मुखी मनप्रीत कौर की अगुवाई में 90 बच्चों, श्री गुरु हर कृष्ण कालेज फल्लेवाल में 316 लड़कियों को 1.95 लाख की लागत से ब्लीच पैकेट-मिक्स जूस पाऊच, आम जूस बोतल भेंट किए।

'पंजाब केसरी' समूह के 7 खूनदान कैंपों में 1564 रक्तदानियों, 3100 सहयोगियों को सवा 2 लाख का जूस, विभिन्न धार्मिक समागम तहत 10 मंदिरों में 2 हजार भक्तों को ढाई लाख का जूस पिलाया है।

वहीं संगरूर स्थित ऑल इंडिया पिंगलवाडा चैरिटेबल सोसायटी आश्रम सहित कुष्ठ आश्रम के 307 मरीजों को 30 हजार रुपए वाली इम्युनिटी बूस्टर युक्त दैनिक समान भेंट किया। इस दौरान डा. जैन ने कहा कि व्यक्ति का अंत: करण अच्छे-बुरे का बोध कराता है तथा विवेक के बल से शांति- सफलता संचालित होती है।

वहीं सांसारिक प्राणियों का सामाजिक विकास, दृष्टिकोण उदार, व्यवहार का ज्ञान ही नैतिक शिक्षा है। इस दौरान अनिल गुप्ता-सजीव सिंगला ने कहा कि इंसान का मन जब भी मदद हेतु कार्य करता है तो जीवन में आनन्द-सुखों का निवास होता है क्योंकि इंसानों की सेवा से भगवान के दर्शन होते है तथा दूसरों के सुख हेतु कामना मंगलमय वातावरण बनाती है वही मनुष्य जब निस्वार्थ मानवी सेवा में लीन होता है तो भगवान उसके दुख निवारण करके 'परमार्थ' से जोड़ते है।

# ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਤੇ ਸਵ. ਸਵਦੇਸ਼ ਚੋਪੜਾ ਦੀ ਪ੍ਰੇਰਨਾ ਨਾਲ ਤਿਉਹਾਰਾਂ 'ਤੇ ਸਵਾ ਲੱਖ ਦਾ ਜੂਸ ਵੰਡਿਆ

ਮਾਲੇਰਕੋਟਲਾ, 29 ਅਕਤੂਬਰ (ਵਰਿੰਦਰ)-ਧੀਆਂ ਪ੍ਰਮਾਤਮਾ ਦਾ ਅਨਮੋਲ ਤੋਹਫਾ ਹਨ ਜੋ ਆਪਣੀਆਂ ਇੱਛਾਵਾਂ ਨੂੰ ਦਬਾ ਕੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਪਰਿਵਾਰਾਂ ਪ੍ਰਤੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀਆਂ ਨੂੰ ਨਿਰਸਵਾਰਥ ਵਫਾਦਾਰੀ ਨਾਲ ਨਿਭਾਉਂਦੀਆਂ ਹਨ ਫਿਰ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੋਝ ਸਮਝ ਕੇ ਗਰਭ 'ਚ ਹੀ ਮਾਰ ਜਾਂ ਜਨਮ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਸਮਾਜ ਦੇ ਜ਼ੁਲਮ ਦੀ ਅੱਗ 'ਚ ਧੱਕ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਜਦੋਂਕਿ ਧੀਆਂ ਹਮੇਸ਼ਾ ਦੁਨੀਆ ਦੀ ਹਰ ਸਫਲਤਾ ਪਿੱਛੇ ਸੰਘਰਸ਼ਸ਼ੀਲ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਧੀ ਨੂੰ ਚੰਗੇ ਸੰਸਕਾਰ-ਸਿੱਖਿਆ ਦੇ ਕੇ ਮਜ਼ਬੂਤ ਸਮਾਜ ਦੀ ਸਥਾਪਨਾ ਕਰੋ ਅਤੇ ਭਰੂਣ ਹੱਤਿਆ, ਦਾਜ ਆਦਿ ਨੂੰ ਕੰਟਰੋਲ ਕਰ ਕੇ ਔਰਤਾਂ ਨੂੰ ਸਨਮਾਨਜਨਕ ਸਥਾਨ ਦਿਓ। ਇਹ ਵਿਚਾਰ ਸੇਵਾ ਟਰੱਸਟ ਯੂ.ਕੇ.(ਇੰਡੀਆ) ਦੇ ਸੰਸਥਾਪਕ ਐੱਨ.ਆਰ. ਆਈ. ਚਰਨ ਕੰਵਲ ਸੇਖੋਂ (ਐੱਮ.ਬੀ.ਈ.) ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਇੰਡੀਆ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਨੇ 'ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ' ਗਰੁੱਪ ਦੇ ਸੰਸਥਾਪਕ ਅਮਰ ਸ਼ਹੀਦ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਅਤੇ ਮੁੱਖ ਸੰਪਾਦਕ ਵਿਜੇ ਚੋਪੜਾ ਦੀ ਪਤਨੀ ਸੰਯੁਕਤ ਪ੍ਰਬੰਧ ਨਿਰਦੇਸ਼ਕ ਅਵਿਨਾਸ਼ ਚੋਪੜਾ-ਅਮਿਤ ਚੋਪੜਾ ਦੀ ਸੁਪਤਨੀ ਯੋਗ ਮਾਤਾ ਸਵਦੇਸ਼ ਚੋਪੜਾ ਦੀ ਪ੍ਰੇਰਨਾ ਨਾਲ ਤਿਉਹਾਰਾਂ 'ਤੇ ਸਕੂਲਾਂ ਅਤੇ ਧਾਰਮਿਕ ਇਕੱਠਾਂ 'ਚ 2080 ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ 1.25 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦਾ ਜੂਸ ਵੰਡਦਿਆਂ ਕਹੇ।

ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਭਾਰਤੀ ਸੱਭਿਆਚਾਰ-ਮੁੱਲਾਂ-ਧਾਰਮਿਕਤਾ ਨਾਲ ਜੋੜਨ ਦੇ ਇਰਾਦੇ ਨਾਲ ਰਾਸ਼ਟਰੀ ਉਪ ਚੇਅਰਮੈਨ ਡਾ. ਵਰਿੰਦਰ ਜੈਨ, ਸਿੱਖਿਆ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸਜੀਵ



ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਜੂਸ ਵੰਡਦੇ ਮੈਂਬਰ। (ਵਰਿੰਦਰ)

ਸਿੰਗਲਾ, ਸੀਨੀਅਰ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਅਸ਼ੋਕ ਸਿੰਗਲਾ-ਅਨਿਲ ਗੁਪਤਾ, ਧਾਰਮਿਕ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸੌਰਭ ਸ਼ਰਮਾ-ਅਵਤਾਰ ਸਿੰਘ ਨੇ ਸਹਿ-ਪ੍ਰਯੋਜਕ ਡਾਬਰ ਇੰਡੀਆ ਲਿਮਟਿਡ ਦੇ ਸ਼ਿਸ਼ਟਾਚਾਰ ਨਾਲ 'ਸਿਹਤਮੰਦ ਭਾਰਤ-ਸਿਹਤਮੰਦ ਭਾਈਚਾਰਾ' ਮੁਹਿੰਮ 'ਚ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਦਲਬੀਰ ਸਿੰਘ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਹੇਠ ਸਕੂਲ ਆਫ ਐਮੀਨੈਂਸ-ਸਰਕਾਰੀ ਸੀਨੀਅਰ ਸੈਕੰਡਰੀ ਸਕੂਲ ਸੰਦੌੜ 'ਚ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ 276 ਅਧੀਨ 300 ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ 40 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦਾ ਜੂਸ ਵੰਡਿਆ ਅਤੇ ਲੁਧਿਆਣਾ ਜ਼ਿਲਾ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸਾਹਿਲ ਜਿੰਦਲ ਨੇ ਰਾਕੇਸ਼ ਗਰਗ ਦੀ ਮਦਦ ਨਾਲ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ 269 ਤੋਂ 30 ਪਰਿਵਾਰਾਂ ਨੂੰ 30 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦੇ ਇਮਿਊਨਿਟੀ ਬੂਸਟਰ ਕਿੱਟਾਂ ਵੰਡੀਆਂ।

ਇਸ ਮੌਕੇ ਧੂਰੀ ਕੋਆਰਡੀਨੇਟਰ ਸਜੀਵ ਜੈਨ ਨੇ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ 271 ਤੋਂ ਵਿਸ਼ਾਲ ਸ਼ੋਭਾ ਯਾਤਰਾ 'ਚ 1500 ਸ਼ਰਧਾਲੂਆਂ, ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ 276 ਤੋਂ ਸਰਕਾਰੀ ਸਕੂਲ ਧੂਰਾ 'ਚ 100 ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ 45 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਏ ਦਾ ਜੂਸ ਵੰਡਿਆ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸ਼੍ਰੀ ਕ੍ਰਿਸ਼ਨ ਮੰਡਲ ਪ੍ਰਧਾਨ ਅਮਿਤ ਸੂਰੀ ਨੇ ਭਗਵਾਨ ਸ਼੍ਰੀ ਰਾਮ ਦੀ ਯਾਦ 'ਚ 100 ਭਗਤਾਂ ਨੂੰ 4,000 ਰੁਪਏ ਦਾ ਜੂਸ ਵੰਡਿਆ ਅਤੇ ਪੀ.ਐੱਮ. ਸ਼੍ਰੀ ਸਕੂਲਜ਼ ਦੇ ਐਕਸੈਚ ਪ੍ਰੋਗਰਾਮ ਅਧੀਨ ਕੁਠਾਲਾ ਸਕੂਲ ਦੇ 50 ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ 273 ਤੋਂ 6,000 ਰੁਪਏ ਦਾ ਜੂਸ ਵੰਡ ਕੇ ਤਿਉਹਾਰ ਦੀ ਖੁਸ਼ੀ ਸਾਂਝੀ ਕੀਤੀ।

'ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ' ਸਾਰੇ ਧਰਮਾਂ ਲਈ ਪਿਆਰ ਸਿਖਾਉਂਦੀ : ਅਨਿਲ ਗੁਪਤਾ ਤੇ ਸੰਜੀਵ ਸਿੰਗਲਾ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਕੇਸਰੀ ਨੇ ਜੰਮੂ-ਕਸ਼ਮੀਰ ਵਿਚ ਰਾਸ਼ਨ, ਕੱਪੜੇ, ਰਜਾਈ, ਕੰਬਲ, ਧਾਰਮਿਕ ਸੰਸਥਾਵਾਂ ਦਾ ਸਤਿਕਾਰ, ਵਿਧਵਾਵਾਂ, ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਨੂੰ ਪੈਨਸ਼ਨ ਆਦਿ ਸੇਵਾ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟਾਂ ਰਾਹੀਂ ਇਕ-ਦੂਜੇ ਦੀ ਮਦਦ ਕਰਨ-ਸਾਰੇ ਧਰਮਾਂ 'ਚ ਆਪਸੀ ਪਿਆਰ ਨੂੰ ਉਤਸ਼ਾਹਿਤ ਕਰਨ ਦੀ ਸਿੱਖਿਆ ਦਿੰਤੀ ਹੈ। 'ਬੇਟੀ ਬਚਾਓ-ਬੇਟੀ ਪੜ੍ਹਾਓ' ਦੇ ਸੰਦੇਸ਼ ਨੇ ਕੁੜੀਆਂ ਪ੍ਰਤੀ ਸੋਚ ਨੂੰ ਸਾਕਾਰਾਤਮਕ ਬਣਾਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਧੀਆਂ ਨੂੰ ਜਨਮ ਤੋਂ ਹੀ ਸਿੱਖਿਅਤ ਕਰਨ ਦੀ ਪ੍ਰਗਤੀਸ਼ੀਲ ਸੋਚ ਦਾ ਸੰਕਲਪ ਹੁਣ ਹਰ ਘਰ 'ਚ ਇਕ ਮਾਣਮੱਤਾ ਮਾਰਗ ਬਣ ਗਿਆ ਹੈ।

ਵਿਦਿਆਰਥੀ ਸਫਲਤਾ ਲਈ ਸਖਤ ਮਿਹਨਤ ਦੀ ਚੋਣ ਕਰਨ : ਨਰੇਸ਼ ਮਿੱਤਲ ਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੂੰ ਜ਼ਿੰਦਗੀ 'ਚ ਸਫਲਤਾ ਲਈ ਵੱਡੇ ਸੁਪਨੇ ਦੇਖਣ ਦੇ ਨਾਲ-ਨਾਲ ਸਖਤ ਮਿਹਨਤ ਨੂੰ ਵੀ ਪਹਿਲ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਹਰ ਦੇਸ਼ ਨੂੰ ਸ਼ਕਤੀਸ਼ਾਲੀ ਬਣਾਉਣ ਦੀ ਜ਼ਿੰਮੇਵਾਰੀ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਦੇ ਮੋਢਿਆਂ 'ਤੇ ਹੈ ਪਰ ਮੌਜੂਦਾ ਸਮੇਂ 'ਚ ਕਈ ਘੰਟਿਆਂ ਲਈ ਮੁਰਖਤਾ ਭਰੀਆਂ ਰੀਲਾਂ ਬਣਾਉਣ 'ਚ ਰੁੱਝੇ ਬੇਸਮਝ ਬੱਚੇ ਸਮਾਜਿਕ ਪਤਨ ਦੇ ਨਾਲ ਆਪਣੇ ਆਚਰਣ-ਇਕਾਗਰਤਾ ਨੂੰ ਪ੍ਰਭਾਵਿਤ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ, ਜਦੋਂਕਿ ਸੋਸ਼ਲ ਮੀਡੀਆ 'ਤੇ ਬੇਲੋੜੀਆਂ ਗਤੀਵਿਧੀਆਂ 'ਚ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦੇ ਹਰ ਕੀਮਤੀ ਪਲ ਨੂੰ ਬਰਬਾਦ ਕਰਨ ਦੀ ਬਜਾਏ ਸਹੀ ਉਦੇਸ਼-ਮੰਜ਼ਿਲ 'ਤੇ ਧਿਆਨ ਕੇਂਦਰਿਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

**वितरण** | सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने डेंगू से बचाव के लिए किया सराहनीय कार्य

यह आयुर्वेदिक दवा शरीर की प्लेटलेट संख्या बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने में मदद करती है

# डाबर इंडिया के सहयोग से वितरित की 50 लाख की प्लैटीफोंटे टैबलेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

पूरे उत्तर भारत में अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया जन सहयोग के अनेक कार्य कर रही है। मंगलवार को भी कुरुक्षेत्र में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने कुरुक्षेत्र जिला में डेंगू से बचाव के लिए एक प्रभावी एवं सराहनीय कदम उठाया गया है। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के ट्रस्टी विवेक शर्मा व जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र और आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान को जनहित में 50 लाख की डाबर प्लैटीफोंटे टैबलेट्स का वितरण किया। सेवा ट्रस्ट के विवेक शर्मा व जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से वितरित की गई यह आयुर्वेदिक दवा शरीर की प्लेटलेट संख्या बढ़ाने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने और रक्त स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है। इसमें पपीता, कालमेघ, और गिलोय जैसे औषधीय तत्व शामिल हैं। जो डेंगू जैसी वायरल बीमारियों में उपयोगी माने जाते हैं। सेवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल व खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन ने बताया की प्लैटीफोंटे टैबलेट्स प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में सहायक है। प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाती है यकृत (लीवर) स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। पाचन सुधारने और सूजन कम करने में सहायक है। संस्था के योगेश गर्ग व अक्षित जैन ने बताया कि मौसम की स्थिति एवं डेंगू की संभावनाओं को देखते हुए इस पहल के अंतर्गत जिले में जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया है। जिसमें नागरिकों को डेंगू से बचाव, स्वच्छता और आयुर्वेदिक उपायों की जानकारी दी गई। आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव प्रो.वैद्य ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो.वैद्य राजेंद्र सिंह चौधरी व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र ने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए जनसहभागिता जरूरी है और आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से हम रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर इसका प्रभावी समाधान कर सकते हैं। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया का यह प्रयास जिला प्रशासन, आयुष विभाग और सामाजिक संगठनों की साझा जिम्मेदारी की मिसाल है जो जन स्वास्थ्य की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट यूके भारत का धन्यवाद किया।



कुरुक्षेत्र। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के पदाधिकारी एवं सदस्य दवाई के बॉक्स सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

# बच्चों को "गुड टच और बैड टच" की दी गई जानकारी

## बैड टच व आपात स्थिति में बाल सहायता नंबर 1098 पर करें कॉल

**इज्जर | बच्चों को सुरक्षित बचपन और जागरूक समाज देने की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में इंडेप्थ विजन फाउंडेशन और सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, महराना में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय था \'गुड टच और बैड टच\'। इसके माध्यम से बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श के बीच का अंतर समझाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के मुख्य अध्यापक सुरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन की प्रतिनिधि पूनम देशवाल ने बच्चों को बताया कि गुड टच वह स्पर्श है जिससे बच्चों को सुरक्षा, अपनापन और देखभाल का अनुभव होता है, जैसे माता-पिता का प्यार या शिक्षक का आशीर्वाद। इसके विपरीत, बैड टच वह स्पर्श है जिससे बच्चे को असहज महसूस हो, डर लगे या जो उसे गलत लगे। उन्होंने बच्चों को महिला हेल्पलाइन 1091, बाल सहायता नंबर 1098 और पुलिस हेल्पलाइन 112 से मदद लेने की सलाह दी गई। सेवा ट्रस्ट से मोनिका ने बच्चों को डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की।**



## सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने स्कूली बच्चों को वितरित की इम्यूनिटी बूस्टर किट

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य एवं सहायता के लिए अभियान किया तेज

- सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती

आज समाज नेटवर्क

**कुरुक्षेत्र।** हर बार की तरह सर्दी के मौसम में विशेषकर बच्चों एवं असहाय लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने स्वास्थ्य एवं सहायता का अभियान तेज कर दिया है।

इसी अभियान के अंतर्गत सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय संतोख पुरा में सभी बच्चों को इम्यूनिटी बूस्टर किट दी गई। राजकीय प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज व सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला संगठन सचिव दिलबाग सिंह सोथा ने बताया कि सेवा ट्रस्ट लगातार असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के सहयोग के साथ सामाजिक गतिविधियों में भाग लेता रहता है। इसी कड़ी में विद्यालय में कार्यक्रम किया गया। उन्होने बताया कि ट्रस्ट ने अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी को इम्यूनिटी बूस्टर गिफ्ट पैक दिए। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती है।

इनको यह इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित करती रहती हैं। सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा अम्बाला के गांव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है। जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामाजिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी। जिसमें दुर्लभ रोग ड्यूकेन मस्क्यूलर डिस्ट्रॉफी बीमारी से ग्रस्त बच्चों की मदद के लिए 6655 वर्ग गज में बन रहे सेवा धाम का निर्माण तेजी से चल रहा है। ताकि नन्हीं जिंदगियों को बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि सेवा धाम में विभिन्न स्किल कोर्स भी करवाए जाएंगे। जिससे महिलाएं अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर पाएंगी। सेवा ट्रस्ट आशा वर्कर्स, सफाई कर्मचारी, ब्लड डोनर, होनहार खिलाड़ियों व सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को समय समय पर इम्यूनिटी बूस्टर किट देकर सम्मानित करता रहता है। साथ ही सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेता है। इस अवसर पर सुखो देवी, बलकार सिंह, सिंह राज, बीरमति, आशा देवी, शीला देवी, पुपिंदर कौर इत्यादि भी मौजूद रहे।




सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तरफ से बच्चों को इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित करते हुए। आज समाज

## FOOD & CLOTH DISTRIBUTION EVENTS

Ambala Kesari
Sep 20, 2025
पंजाब केसरी

# सेवा ट्रस्ट यू.के.(भारत) और एस.एच.एस.जी. चैरिटेबल ट्रस्ट ने बाढ़ प्रभावितों के लिए फिरोजपुर भेजी राहत सामग्री

अम्बाला, 19 सितम्बर (बलराम): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) और एस.एच.एस.जी. चैरिटेबल ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से पंजाब के फिरोजपुर जिले में हाल ही में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए व्यापक राहत कार्य शुरू किया है। इस कड़ी में गांव केसरी से एक ट्रक राहत सामग्री भरकर रवाना किया।

इस मौके पर सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट अपने सह-प्रायोजक डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से प्रभावित परिवारों को लगभग 50 लाख रुपये कीमत के शहद, नारियल तेल, खांसी की दवा और रियल जूस वितरित करेंगे। यह संयुक्त प्रयास न केवल बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए राहत प्रदान करेगा, बल्कि सामाजिक एकजुटता और मानवता की भावना को भी मजबूत करेगा। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता दिखाएं और पुनर्वास के लिए सहयोग करें।




*बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री रवाना करते सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) और एस.एच.एस.जी. चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी।*

इस अवसर पर एस.एच.एस.जी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वर्णजीत सिंह ने बताया कि पिछले लगभग 25 दिनों से बाढ़ राहत कार्यों में उनकी पूरी टीम स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य कर रहे हैं। इस संकट की घड़ी में हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हों। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे और समाज में एकजुटता का संदेश जाए। इस अवसर पर सी.ए. वागीश शर्मा, हरियाणा प्रधान पवन पराशर, पूर्व सरपंच रिम्पल चौहान, राहुल मित्तल, विकास मित्तल, अंकित, गुरमीत सिंह, गुरदीप, अजय, सुभम मित्तल, जसबीर, अनु, बंसीलाल एवं वीरभान आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## COMMUNITY MOBILIZATION ACTIVITY

# सेवा ट्रस्ट यू.के. ने विद्यालयों में चलाया नशा निवारण जागरुकता अभियान

बराड़ा, 15 दिसम्बर (गेरा): अंतर्राष्ट्रीय संस्था सेवा ट्रस्ट यू.के., भारत द्वारा नशा निवारण को लेकर चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के तहत खंड बराड़ा के विभिन्न गांवों के 25 विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से करीब 4500 विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, लक्ष्य निर्धारित करने और शिक्षा को गंभीरता से अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह अभियान गांव थम्बड, होली, अधोया, अधोई, दहिया माजरा, अकालगढ़, तल्हेड़ी, बुढ़ियों सहित अन्य क्षेत्रों के विद्यालयों में प्रधानाचार्य राजेश पराशर, प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला तथा संबंधित विद्यालय प्रभारियों की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यू.के. के प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर, डा. बलवंत सिंह व ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल शरीर, बल्कि




*गुरुकुल बराड़ा में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश देते ट्रस्ट के पदाधिकारी व विद्यालय स्टाफ। (गेरा)*

मस्तिष्क पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अपने जीवन का लक्ष्य तय करने और पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के अनमोल जीवन को समय से पहले ही खत्म कर देता है। नशीले पदार्थों के सेवन से शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुक्सान के साथ-साथ सामाजिक वातावरण भी दूषित होता है। इस उत्कृष्ट अभियान की सराहना करते हुए ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवीन शर्मा, मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य गेमल दहिया, विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा, भारती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वीटी चौहान, गुरुकुल अधोई के उप प्रधानाचार्य बलराम सिंह आर्य, सी.ए.ओ. अमित रोहिला सहित सभी विद्यालय प्रभारियों ने सेवा ट्रस्ट यू.के. के चेयरमैन नरेश मित्तल, प्रदेशाध्यक्ष पवन पराशर व ट्रस्ट के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

इस दौरान वक्ताओं ने साहा में निर्माणाधीन सेवा धाम आश्रम, मल्टी फैसिलिटी होम के निर्माण कार्य में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक योगदान से जल्द ही जरूरतमंद लोगों को इसकी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। अभियान के अंतर्गत सेवा ट्रस्ट यू.के. ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया की ओर से सभी विद्यार्थियों को ऊर्जा वर्धक वीटा उपहार स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




*नशा-निवारण जागरुकता अभियान मे भाग लेते विद्यार्थी।* (गेरा)

# नशे से दूर रहकर शिक्षा को गंभीरता से लें विद्यार्थी : सेवा ट्रस्ट यू.के.

बराड़ा, 9 दिसम्बर (गेरा): सेवा ट्रस्ट यू.के., भारत द्वारा खंड बराड़ा के गांव अधोया, उगाला, कम्बासी, कम्बास, होली, डूलियाना, सिंबला, टगैल, गगनपुर आदि के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य राजेश पराशर, बिमला देवी व विभिन्न विद्यालयों के प्रभारियों की अध्यक्षता में नशा-निवारण जागरुकता अभियान में 14 विद्यालयों के लगभग 2000 विद्यार्थियों को जागरुक किया गया।

इस अभियान में सेवा ट्रस्ट यू.के. के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाराशर, डा. बलवंत सिंह, वीरभान, जितेंद्र कुमार, ऋषभ जैन, हरविंदर छाबड़ा, विनोद कुमार, रवींद्र सिंह आदि सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और शिक्षा को गंभीरता से ग्रहण करने के लिए जागरूक किया गया।

उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि नशा विद्यार्थी के जीवन को विनाश की ओर ले जाता है, जबकि शिक्षा उसे उज्ज्वल भविष्य प्रदान करती है। इसलिए विद्यार्थियों को चाहिए कि वे नशे से पूरी तरह दूरी बनाकर अपनी शिक्षा पर पूर्ण ध्यान दें। यही उनका कर्तव्य है और यही उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की कुंजी है।

इस अवसर पर पाराशर ने बताया की गत कई वर्षों से नरेश मित्तल के कुशल नेतृत्व में सेवा ट्रस्ट द्वारा विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं और अब जिला अम्बाला के गांव साहा में डेढ़ एकड़ जमीन पर मल्टी फैसिलिटी होम जिसमें डी.एम.डी. से ग्रस्त बच्चों का इलाज फ्री किया जा रहा है, साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण करने के लिए उन्हें सिलाई कढ़ाई, कम्प्यूटर शिक्षा भी फ्री दी जाएगी और उन्हें स्वरोजगार के काबिल बनाया जाएगा, बुजुर्गों के लिए डे-केयर सैंटर और डायग्नोस्टिक लैब आदि का निर्माण किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत सेवा ट्रस्ट यू.के. ने अपनी को-स्पोंसर डाबर इंडिया की तरफ से सभी विद्यार्थियों को उर्जा वर्धक वीटा उपहार स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

SAT, 13 DECEMBER 2025
EDITION: SANGRUR KESARI, PAGE NO. 3

# नशों से बचकर शिक्षा को गंभीरता से करें विद्यार्थी : मित्तल



बच्चों को बूस्टर किट वितरित सेवा ट्रस्ट यू.के. के मैंबर। (वरिन्द्र)

मालेरकोटला, 12 दिसम्बर (वरिन्द्र): सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) ने बच्चों को नशों से बचकर उज्ज्वल भविष्य हेतु शिक्षा को गंभीरता से लेने हेतु जागरूक सैमीनार कराए तथा विभिन्न स्कूलों, धार्मिक स्थलों, सलम एरिया के 1104 बच्चों को सवा 2 लाख की बूस्टर किट वितरित करवाई।

जिसमें संस्थापक एन.आर.आई. चरनकंवल सेखों (एम.बी.ई.), राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, राष्ट्रीय उप चेयरमैन डॉ. वरिन्द्र जैन की अगुवाई में शिक्षा को-ओर्डिनेटर संजीव सिंगला, सीनियर को-ओर्डिनेटर अनिल गुप्ता, धार्मिक को-ओर्डिनेटर सौरभ शर्मा-अवतार सिंह ने 'हर बच्चे के मन में पढ़ाई का दीपक जलाने' की प्रेरणा तहत 283 से 287 प्रकल्प अंतर्गत को-स्पोंसर डाबर इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से मुंडे अहमदगढ़ से 30 परिवारों को 10 हजार की किट।

सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल लड़के में 800 बच्चों को 1 लाख 8 हजार रुपए का बीटा, सरकारी सैकेंडरी-प्राइमरी स्कूल फलोड कला में 130 बच्चों को 42 हजार की किट, भगत रविदास गुरुद्वारा किला रहमतगढ़ में 48 विद्यार्थियों को 10 हजार की किट, सरकारी बी.एड. कॉलेज में 48 लड़कियों को 5 हजार रुपए का शैम्पू, सलम एरिया में 48 लोगों को 50 हजार की किट वितरित किया।

इस मौके पर नरेश मित्तल ने कहा कि युवा पीढ़ी बुराइयों का खात्मा, नशों का त्याग करके उज्ज्वल समाज की सृजना में भागीदारी दर्ज करवाए। इस मौके पर मोहम्मद दिलशाद ने कहा कि आदर्श छात्र ही कड़ी मेहनत के ज्ञान से अनुशासित शिक्षा को प्राप्त करता है इसलिए विद्यार्थी शहीदों के बलिदानों वाले मार्ग पर अग्रसर रहे। प्रिं. इरफान ने कहा कि हर निर्धन हेतु शिक्षा का दीया चलाने का बीड़ा उठाए तो सैकड़ों हाथ आशीष देने हेतु बढ़ेंगे।

# ENTREPRENEUR DEVELOPMENT ACTIVITY

दैनिक भास्कर झज्जर भास्कर 06-03-2025

## डिजिटल सहेली क्षमता निर्माण कोर्स लांच किया



झज्जर | इंडेप्थ विजन फाउंडेशन एवं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सहयोग से डिजिटल सहेली क्षमता निर्माण कोर्स लांच किया गया। नरेंद्र यादव ने बताया कि इस कोर्स के माध्यम से महिलाओं को उनके दैनिक जीवन में आईटी का उपयोग करके उनके दैनिक कार्यों को सुगम बनाने की तकनीक से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस कोर्स को पूरे मार्च कर सकती हैं। यह कोर्स महिलाओं के लिए निशुल्क उपलब्ध है। यह कोर्स ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। संस्था आईवीएफ से अनिल दलाल ने बताया कि इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को डिजिटल साक्षरता का ज्ञान कराना है। कार्यक्रम के अंत में संस्था सेवा ट्रस्ट की को स्पांसर डाबर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से जितेंद्र ने सभी को इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट की। इस अवसर पर विनोद देवी, मंजू, ममता, प्रीति, सोनू, प्रीतम, दयानंद मौजूद रहे।

## सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




अंबाला (सिटी मीडिया) सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा गांव केसरी में एनलाइट लाइफ ऑफ किड्स इन नीड कनाड़ा के सहयोग से संचालित निशुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर में बालिकाओं को निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण के साथ-साथ कैरियर काउंसलिंग प्रदान की जा रही है।

इस अवसर पर ट्रस्ट के हरियाणा प्रधान पवन पराशर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए कि हमें जीवन में क्या बनना है ताकि हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। इस मौके पर वॉलंटियर राहुल धीमान ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा और कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से वे अपने सपनों को हासिल कर सकती हैं। यह डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर बालिकाओं को डिजिटल साक्षरता, बुनियादी कम्प्यूटर कौशल, और कैरियर योजना जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है, ताकि वे आधुनिक तकनीकी युग में आत्मनिर्भर बन सकें। सेंटर में दी जाने वाली कैरियर काउंसलिंग बालिकाओं को उनकी रुचियों और क्षमताओं के आधार पर सही करियर पथ चुनने में मदद करती है।

इस निशुल्क कम्प्यूटर ट्रैनिंग के माध्यम से 150 से जायदा बच्चों को ट्रैनिंग दी जा चुकी है। इस अवसर पर ई-लर्निंग सैंटर की अध्यापिका दीपिका, वॉलंटियर लक्ष्य धीमान, वॉलंटियर हर्षिता शर्मा मौजूद रहे।



**JAIBEER RANA THAMBER**

**BARARA:** SEVA Trust UK (India), in collaboration with Enlight Life of Kids in Need Canada, is operating a free Digital E-Learning Center dedicated to providing girls with computer training and career counseling at Village Kesri Distt.Ambala. The center is equipped with 10 state-of-the-art computers and focuses exclusively on empowering young girls through digital literacy, basic computer skills, and career planning to help them become self-reliant in the modern technological era. To date, over 150 girls have benefited from this initiative. On this occasion, Mr. Pawan Parashar, Haryana Head of SEVA Trust UK (India), addressed the girls, emphasizing the importance of setting clear goals. He stated, "Every child should have a defined goal in life to understand what they aspire to become, enabling them to achieve their dreams with determination and focus. Volunteer Rahul Dhiman also inspired the girls, highlighting that technical education and career counseling can serve as powerful tools to help them realize their ambitions.

## CAREER COUNSELLING ACTIVITY

# दृष्टि स्कूल के इंटरैक्टिव सत्र में छात्रों ने अर्जित किया एयरोस्पेस इंजीनियरिंग संबंधी ज्ञान

लुधियाना, 13 अप्रैल (विक्की): दृष्टि स्कूल में छात्रों के लिए 'चक ग्लाइडर्स के माध्यम से उड़ान के सिद्धांत' पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का संचालन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रतिष्ठित नाम आई.आई.टी. बॉम्बे के प्रोफैसर राजकुमार एस. पंत ने किया।



*विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए प्रोफैसर राजकुमार एस. पंत।*

इस आयोजन को सफल बनाने में सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के संस्थापक और अध्यक्ष चरण कंवल सिंह सेखों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

प्रो. पंत ने अपने व्यावसायिक अनुभव और सटीक उदाहरणों के साथ उड़ान के सिद्धांतों को सरल व प्रभावशाली तरीके से समझाया। चक ग्लाइडर्स के मॉडल के माध्यम से उन्होंने एयरोडायनैमिक्स की जटिल अवधारणाओं को बेहद रोचक तरीके से प्रस्तुत किया।

छात्रों और शिक्षकों ने खुलकर सवाल पूछे और विमानन व एयरोस्पेस विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा को और प्रबल किया। इस अवसर ने कई युवा प्रतिभाओं को विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

# जीवन में आगे बढ़ने के लिए युवाओं को लक्ष्य निर्धारित करना बेहद जरुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा गांव केसरी में एनलाइट लाइफ ऑफ किड्स इन नीड कनाड़ा के सहयोग से संचालित निशुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लड़कियों को निशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कैरियर काउंसलिंग प्रदान की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट की ओर से कहा कि युवाओं को अपने जीवन का एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए कि हमें जीवन में क्या बनना है ताकि वह अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। इस मौके पर वॉलंटियर राहुल धीमान ने लड़कियों को प्रेरित करते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा और कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से वे अपने सपनों को हासिल कर सकती हैं। यह डिजिटल ई-लर्निंग सेंटर बालिकाओं को डिजिटल साक्षरता, बुनियादी कम्प्यूटर कौशल, और कैरियर योजना जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है, ताकि वे आधुनिक तकनीकी युग में आत्मनिर्भर बन सकें।




बराड़ा। कार्यक्रम मौजूद युवतियां व अन्य।

## CHILDREN IN NEEDS CAMP

# सेवा ट्रस्ट ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य हेतु 1.50 लाख की शैक्षणिक सहायता की प्रदान



शैक्षणिक सहायता कैंप में भाग लेते बच्चे व सदस्य। (वरिन्द्र)

मालेरकोटला, 13 अप्रैल (वरिन्द्र): हर राष्ट्र की नींव शिक्षा पर निर्भर होती है जो जीवन में मूर्तिकला समान होती है। क्योंकि शिक्षा के बिना कुछ भी संभव नहीं है तथा शिक्षा से ज्ञान, समझ, अनुभव,संस्कार,नैतिकता की क्षमता मिलती है, वहीं सामाजिक विकास में शिक्षा का योगदान अहम भूमिका निभाता है।

इसलिए अशिक्षित बच्चों की संख्या को खत्म करने हेतु पढ़ाई में आर्थिक मदद करनी होगी। यह विचार सेवा ट्रस्ट यू.के. (भारत) के संस्थापक एन.आर.आई. चरन कंवल सेखों (एम.बी.ई.) ने पूजनीय पिता स्व. मास्टर नरेंद्र सिंह सेखों (रिटायर हैड मास्टर) की भावमय स्मृति तहत सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव बंडूदी में तीसरे वार्षिक शैक्षणिक सहायता कैंप में कहे है।

इस मौके पर राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश मित्तल, तेजिन्द्र सिंह सेखों-भूपिन्द्र सिंह सेखों-सुखविन्द्र कौर सेखों (यू.के), हरिन्द्र कौर ग्रेवाल, बलजिंदर सिंह ग्रेवाल, रनजीत सिंह गिल (कैनेडा), परमवीर सिंह गोल्डी (यू.एस.ए.), नवाशहर-जालंधर जिला को-आर्डिनेटर शमिन्द्र सिंह खरचा (यू.के.), सुरिन्द्र सिंह बिसला, लुधियाना जिला ग्रेवाल गुरदीप सिंह पन्नु,रछपाल सिंह बंडूदी, बलदेव सिंह ढिल्लों, प्रिंसीपल हरजिन्द्र कौर के सान्निध्य में 50 होनहार विद्यार्थियों को इम्युनिटी बूस्टर किट, स्कूली बैग, भोजन बाक्स, ठंडी बोतल, स्टेशनरी पैक, कापियां आदि सहित 1.50 लाख रुपए की लागत वाले उपहार भेंट किए।

इस मौके मित्तल ने कहा कि बेहतर शिक्षा ही मनुष्य को अच्छा इंसान बनाती है इसलिए हर विद्यार्थी शिक्षा में छिपे महत्त्व को कठोर परिश्रम में गंभीरता से समझे। इस मौके खरचा ने कहा कि शिक्षित लोग समाज की हर समस्या के समाधान में योगदान करते है जिससे समाज सेवा-सामाजिक न्याय-समरसता की भावना का प्रसार होता है।

